सुविचार
दुनिया में हर व्यक्ति अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा स्वीकार करना सीखें!!

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



जब 20 साल की उम्र में हुमा कुरैशी हुईं... 08

Ranchi ● Wednesday, 19 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 183 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 66,795.14 |
| निफ्टी | : | 19,749.25 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,655/ |
| चांदी | : | 81.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एनआरआई महिला के पास गोली बरामद

**RANCHI :** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक एनआरआई महिला यात्री के पास से गोली बरामद हुई। सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी एयरपोर्ट थाना को दी है। महिला से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया। महिला के पास से बरामद 40 बोर की गोली को भी जब्त कर लिया गया है। एलिजाबेथ एल पीटर ने दिल्ली जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट में टिकट बुक था। एयरपोर्ट थाना में एलिजाबेथ के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 जुलाई को आएंगे भारत

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वर्तमान जिम्मेदारियां संभालने के बाद से यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। वे प्रधान मंत्री और अन्य भारतीय गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को मजबूत करेगी और सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के रास्ते तलाशेगी।

### लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**BADGAM :** बडगाम से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने सेना की 62 आरआर के साथ मिलकर जिला बडगाम के बीरवाह इलाके से 04 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सहयोगियों की पहचान मुश्ताक अहमद लोन पुत्र अब्दुल रशीद लोन निवासी गोंडीपोरा बीरवाह, अजहर अहमद मीर पुत्र नजीर अहमद मीर निवासी चेवदारा बीरवाह, इरफान अहमद सोफी और अबरार अहमद मलिक पुत्र अब्दुल अरवाह बीरवाह निवासी अहद मलिक के रूप में हुई है।

# राज्य के नौ जिलों के उपायुक्तों को राष्ट्रपति से मिला भूमि सम्मान

## सम्मानित होने वालों में पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, दुमका, व गुमला के भी डीसी शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** भूमि संसाधन विभाग के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल व उनकी टीम को भूमि सम्मान-2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान कर भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए संचालित अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली जिले की टीम में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर शामिल थे। सम्मान मिलने के बाद उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है। इसमें पूरी टीम की मेहनत है। इस तरह का सम्मान मिलने से टीम का मनोबल बढ़ता है। उपायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी कर्मचारियों को दिया।



लोहरदगा डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।



पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

लोहरदगा जिले के डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूमि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया है। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसी और डीडीसी ने यह सम्मान राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया, जो लोहरदगा के लिए यह गौरव की बात है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश के 75 जिलों में लोहरदगा को भी यह सम्मान मिला है। लोहरदगा जिले की ओर से उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस को लैंड डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। लोहरदगा के साथ झारखंड के नौ जिलों को भी यह सम्मान मिला है। इसमें पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, दुमका, चतरा, गुमला, गिरिडीह, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं। डीसी और डीडीसी के नेतृत्व में सेल डीड, खतियान और अन्य जमीन संबंधी डॉक्यूमेंट का डिजिटलाइजेशन करने का 99 प्रतिशत से अधिक सफलतापूर्वक किया गया है।

# अमन साहू गिरोह के खिलाफ कार्रवाई तेज

## डीएसपी-दरोगा की हालत स्थिर



घटना स्थल पर जांच में जुटी सीआईडी की टीम ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गों की गोलीबारी में घायल एटीएस डीएसपी नीरज कुमार व रजरप्पा थाना के एसआई सोनू कुमार का रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। उधर, सोमवार की रात को रामगढ़ जिले के पतरातू में हुई इस वारदात के बाद सीआईडी की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। जांच टीम का नेतृत्व सीआईडी डीएसपी जीबीएन चौधरी कर रहे हैं। एटीएस की टीम द्वारा 3 लोगों की गिरफ्तारी की सूचना है। रामगढ़ जिला बल व एटीएस की टीम द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही है। जेल में बंद अपराधी अमन साहू के शूटरों को पकड़ने गयी एटीएस की टीम पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में गोली लगने से एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार व एटीएस टीम में शामिल रजरप्पा थाना के एसआई सोनू कुमार घायल हो गये थे। रांची के मेडिका अस्पताल में देर रात तक डीएसपी नीरज कुमार को लगी गोली को निकालने के लिए जेनरल सर्जन डॉ गौतम चंद्रा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम जुटी हुई थी।

### इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार पोलैंड से महिला पहुंचीं झारखंड, प्रेमी अपनाने को तैयार



**HAZARIBAGH :** पोलैंड की एक महिला अपने प्यार के खातिर सात समुंदर पार कर प्रेमी सादाब मल्लिक से मिलने हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड स्थित खुटरा गांव पहुंचीं। गुलाब बारबरा पोलाजा की दोस्ती इंस्टाग्राम पर वर्ष 2021 में हुई। दोनों में लगातार चैटिंग होती रही और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। 45 वर्षीय गुलाब और 35 वर्षीय सादाब का प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि गुलाब ने भारत आने का वीजा अप्लाई किया। लंबी प्रक्रिया के बाद उसे पांच साल के लिए भारत आने का वीजा मिला। वीजा मिलने पर विदेशी महिला भारत पहुंची। जिसके बाद वह सादाब के साथ हजारीबाग आयी। कई दिनों तक होटल में रहने के बाद पांच दिन पूर्व वह प्रेमी के साथ खुटरा गांव पहुंची। सादाब के घर पहुंचते ही विदेशी महिला गर्मी से परेशान होने लगी। गर्मी से परेशान होकर दो एसी और कलर टीवी लगाया।

# मिशन 2024 : 26 V/S 38 की जंग

## विपक्षी दलों ने इंडिया नाम से मोर्चा बनाया

**AGENCY BENGALURU :** विपक्षी एकता की दूसरे दिन की बैठक मंगलवार को बेंगलुरु में हुई। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के 26 दल एक साथ आए हैं। बैठक में विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया तय किया गया है। इसका फुल फॉर्म इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस है। इसका ऐलान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने कहा- समन्वय के लिए 11 सदस्यों की कमेटी और एक कार्यालय जल्द बनाया जाएगा। इसकी घोषणा मुंबई में होने वाली हमारी अगली बैठक में होगी। खड़गे ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र की सभी एजेंसियों ईडी, सीबीआई आदि को नष्ट कर दिया है। हमारे बीच राजनीतिक भेद हैं, लेकिन हम देश को बचाने के लिए साथ आए हैं। इससे पहले हम पटना में मिले थे, जहां 16 पार्टियां मौजूद थीं। बैठक में 26 पार्टियों ने हिस्सा लिया। हम यहां अपने हित के लिए नहीं बल्कि देश को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम सरकार की नाकामियों को उजाकर करेंगे। मैं खुश हूं कि राहुल, ममता सब सहमत हैं। 2024 में साथ लड़ेंगे और ग्रेट रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन को लीड कौन करेगा, फेस कौन होगा। इस सवाल के जवाब में खड़गे बोले- हम कोऑर्डिनेशन कमेटी बना रहे हैं। मुंबई की बैठक में ये 11 नाम तय होंगे। आगे की जानकारी तभी मिलेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में खड़गे के बाद सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं। उन्होंने भाजपा को चैलेंज करते हुए कहा- बीजेपी क्या इंडिया को चैलेंज करेगी।

**इंडिया की फुल फॉर्म**

इंडिया का फुल फॉर्म : आई- इंडियन, एन- नेशनल, डी- डेवलपमेंटल, आई- इन्क्लूसिव, ए- एलायंस है।

## एनडीए महाजुटान में कांग्रेस पर हुआ प्रहार



**AGENGY NEW DELHI :** 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक नई दिल्ली में हुई। इसमें 38 राजनीतिक दल उपस्थिति हुए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुसार, 38 दलों में से कुछ ऐसे हैं जो एनडीए छोड़कर चले गए थे लेकिन भारत को मजबूत करने के लिए गठबंधन में फिर से शामिल हो गए हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष पर करारा प्रहार कियस। उन्होनें कहा कि 1988 में एनडीए का गठन हुआ था, लेकिन सिर्फ सरकारें बनाना और सत्ता हासिल करना एनडीए का लक्ष्य नहीं था। एनडीए किसी के विरोध में नहीं बना था, एनडीए किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। ठऊअ का गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। हमारे देश में राजनीतिक गठबंधनों की एक लंबी परंपरा रही है, लेकिन जो भी गठबंधन नेगेटिवीटि के साथ बने वह कभी भी सफल नहीं हो पाए। कांग्रेस ने 90 के दशक में देश में अस्थिरता लाने के लिए गठबंधनों का इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने सरकारें बनाईं और सरकारें बिगाड़ीं। पीएम मोदी ने कहा, जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता है, जब गठबंधन भ्रष्टाचार के इरादे से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद

**एनडीए की फुल फॉर्म**

एनडीए का फुल फॉर्म : एन – नया भारत, डी- विकसित राष्ट्र, ए – भारत के लोगों की आकांक्षा है।

# SAHARA के निवेशकों का मिलेगा पैसा

## अमित शाह ने किया सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ, लाखों लोगों को होगा फायदा

**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहारा की चार सहकारी समितियों में जिन लोगों ने पैसा जमा किया है, सरकार उसे वापस करवा रही है। इस कदम से लोगों के मन में सहकारिता के प्रति भरोसा और अधिक बढ़ेगा। शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पंजीयक-सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस पोर्टल से सहारा की चार सहकारी समितियों (सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड) के निवेशकों का पैसा वापस किया जाएगा। पोर्टल पर आवेदन करने के 45 दिनों में पैसा वापस करने की व्यवस्था की गई है। शाह ने कहा कि जब पांच हजार करोड़ रुपये हम वापस करा देंगे तो पुनः कोर्ट जाएंगे और जिन निवेशकों के पैसे बाकी होंगे, उनके पैसे वापसी के लिए भी अनुरोध करेंगे।

उल्लेखनीय है कि सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए



केंद्रीय पंजीयक- सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ करते अमित शाह।

### विष्णु अग्रवाल से 26 को पूछताछ करेगा ईडी



**RANCHI :** न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने मंगलवार को फिर से समन जारी किया है। समन जारी कर ईडी ने विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया है। बता दें कि इससे पूर्व ईडी ने सोमवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन किसी कारणवश वह नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद ही ईडी ने मंगलवार को नया समन जारी किया है। बता दें कि ईडी विष्णु अग्रवाल से रांची में हुए विभिन्न जमीन घोटाले मामले के अलावा पूर्व डीसी छवि रंजन से उनके रिश्ते समेत कई अन्य सवालों के जवाब पाने की तैयारी में है। सेना की जमीन घोटाला मामले में अब तक ईडी एक आईएएस छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी और कई जमीन दलालों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। विष्णु अग्रवाल पर कई जमीन के कब्जे का आरोप है, जिसमें ईडी कार्रवाई करने के मूड में है। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम, बाजरा मौजा, कांके न्यूक्लियस मॉल की जमीन के साथ सेना की जमीन के कब्जे का आरोप है।

# छह लाख के इनामी नक्सली का SURRENDER

## खुदी मुंडा पर 50 से अधिक मामले दर्ज




भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा का बुके देकर स्वागत करते अधिकारी।

**CRIME REPORTER RANCHI :** चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में खुदी मुंडा ने विधिवत रूप से रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान गुमला एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित थे। भरनो प्रखंड के बटकुरी गांव का रहने वाला खुदी मुंडा भाकपा माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर है। उसके पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुदी पर गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला के थानों में 50 केस दर्ज हैं। चैनपुर थाना में हमला, चैनपुर ब्लॉक भवन को उड़ाने व चैनपुर पुलिस पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों को मारने की घटना में भी खुदी शामिल रहा है। खुदी मुंडा पिछले दो वर्ष से पालकोट और सिमडेगा के सीमांत में अपनी गतिविधि चलाता था। पिछले माह दो कमांडर राजेश उरांव और लाजिम के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद से ही खुदी ने आत्मसमर्पण कर दिया।संगठन में ऐसे शामिल हुआ खुदी मुंडा सरेंडर के बाद नक्सली खुदी मुंडा ने कहा कि 1996 में अपने चचेरे भाई पूर्व में माओवादी का सक्रिय सदस्य बॉबी मुंडा के लिए सामान पहुंचाने और पुलिस के आवागमन की सूचना देने का कार्य करता था। 1999 में चचेरा भाई के साथ लापुंग थाना क्षेत्र में हथियारों की लूटपाट और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2001 में गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल में बंद रहने के दौरान उग्रवादी संगठन के कई सदस्यों से जान पहचान हुई। 2005 में जेल से बाहर आने के बाद पारिवारिक विवाद के कारण भाकपा माओवादी के कमांडर मनोज नगेसिया और सिलबेस्तर लकड़ा के संपर्क में आया और दस्ता के साथ रहने लगा।

## मोटरसाइकिल से 1000 किलोमीटर दूरी तय कर पहुंचेगी युद्ध स्मारक, बाइक रैली दिल्ली से शुरू

# कारगिल दिवस : तीनों सेनाओं की महिलाएं मनाएंगी जश्न

**AGENCY NEW DELHI :** कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास तक 'नारी सशक्तिकरण महिला मोटरसाइकिल रैली' शुरू हुई। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तीनों सेनाओं की महिला मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थल सेनाध्यक्ष ने ऐसी चुनौतीपूर्ण यात्रा करने के लिए पूरी टीम को सराहा, जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। मोटरसाइकिल रैली की 25 सदस्यीय टीम में दो वीर नारी शामिल हैं, जिनमें से एक सेवारत अधिकारी है। इसके अलावा भारतीय सेना में 10 सेवारत महिला अधिकारी, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना से एक-एक महिला अधिकारी, भारतीय सेना की तीन महिला सैनिक और आठ सशस्त्र अधिकारी हैं। महिलाओं की यह टीम कारगिल युद्ध में सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का जश्न मनाएगी और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देगी।



यह रैली लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करके 25 जुलाई को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेगी। इस दौरान मोटरसाइकिल रैली हरियाणा, पंजाब के मैदानी इलाकों और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचे पहाड़ी दर्रों से गुजरेगी। अपनी यात्रा के दौरान टीम एनसीसी कैडेटों, विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्रों और वीर नारियों के साथ बातचीत करेगी। इस रैली के लिए भारतीय सेना ने टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की है और प्रतिभागी टीवीएस रोनिन मोटरसाइकिल पर सवार होंगे।

**ये रहें उपस्थित**

इस अवसर पर आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे भी उपस्थित थीं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर ध्वजारोहण के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के प्रमुख व्यवसाय-प्रीमियम और अन्य प्रायोजकों सहित कई सैन्य और नागरिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। रैली के सदस्यों को कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हुए लोगों ने प्रेरित और उत्साहित किया।

BRIEF NEWS

## झामुमो जिलाध्यक्ष ने पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया दौरा



**BHURKUNDA:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने मंगलवार को पतरातू प्रखंड विकास कार्यालय सह अंचल कार्यालय पतरातू में दौरा किया। कार्यक्रम में सदस्यता ग्रहण अभियान के तहत जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू द्वारा दर्जनों ग्रामीणों का सदस्यता रसीद काटकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण करवाया गया। साथ ही दर्जनों ग्रामीणों का पेंशन, सड़क, नाली, राशन कार्ड सहित जमीन से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी कराया गया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता लव कुमार महतो ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड द्वारा प्रखंड कार्यालय पतरातू में जन समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाया जायेगा। जिसमें सभी प्रकार के पेंशन, आवास योजना सहित जमीन के रसीद से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर का उद्देश्य राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा धरातल पर उतारी गई योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सभी ग्रामीणों को दिलाना है। मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू, झामुमो के वरिष्ठ नेता लव कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, जिला सचिव उदय मालाकार, इस्लाम अंसारी, पूनम देवी, दुलारी देवी, रंजीत बेसरा, योगेंद्र यादव, मुमताज, बिनोद गंझु, हीरामन राम, महेश, सनोज राम, विकास यादव, सुरेश महतो, अशोक रजक, लक्ष्मी राम, धर्मदास राम, सुरेश राम, कालेश्वर राम सहित मोर्चा के दर्जनों लोग मौजूद थें।

## निजी लाभ के लिए मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रही झारखंड सरकार: प्रदीप सिन्हा



**RANCHI:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री और उनके अधिकारियों को मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे मरीजों को भी झारखंड सरकार की चरमराई व्यवस्था के कारण दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने में आयुष्मान भारत पूर्ण रूप से उनके माली हालत पर किसी तरह का भार ना पड़े पर ऐसी सोच के साथ तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत को राज्य सरकार अपने निजी फायदे के कारण रिम्स में टेंडर के नाम पर मरीजों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर रही है। सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री इस ओर ध्यान देने के बजाए टेंडर जैसे मामलों में मरीजों को उलझा कर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हार्ट और न्यूरो जैसे गंभीर मरीज एक उम्मीद लेकर रिम्स जाते हैं और वहां के अधिकारियों के द्वारा आयुष्मान योजना में टेंडर नहीं होने की बात कह कर लौटा दिया जाता है। उस मरीज को किसी भी तरह की सुविधा की उम्मीद नहीं रहती। झारखंड सरकार इस ओर भी पूर्ण रूप से उदासीन नजर आ रही है।

## राजेश ठाकुर ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर जताया शोक



**RANCHI:** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर मंगलवार को शोक प्रकट करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने एक बड़ा स्तंभ खो दिया, उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजली। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व ने केरल की प्रगति को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वो एक जन नेता के रूप में हमेशा याद किये जाएंगे।

# NEP के 9 सूत्री एजेंडे पर राज्यपाल सचिवालय के ओएसडी ने की बैठक

**PHOTON NEWS PALAMU:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के तहत 9 सूत्री एजेंडे पर संकायोध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय अधिकारियों से विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से राज्यपाल सचिवालय के ओएसडी संजीव राय ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के सभागार में बैठक की। इसमें नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर तपन शांडिल्य भी उपस्थित थे। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद, डीन कॉमर्स डॉक्टर आरपी सिंह, साइंस डॉक्टर एके पांडे, मानविकी डॉक्टर विनोद पाठक, सामाजिक विज्ञान डॉ अनीता सिन्हा, कुलसचिव डॉ राकेश कुमार, कुलानुशासक डॉक्टर केसी झा, वित्त पदाधिकारी डॉक्टर एके वैद्य, परीक्षा नियंत्रक डॉ शिवपूजन सिंह उपस्थित थे। बैठक को मुख्य रूप से राज्यपाल सचिवालय के ओएसडी एवं कुलपति ने संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2035 तक के लिए लक्षित योजना बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए करिकुलम आस्पेक्ट, टीचिंग लर्निंग, परीक्षा व्यवस्था, रिसर्च इनोवेशन, स्टूडेंट सपोर्ट, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, वेबसाइट, रिसर्च एथिक्स एंड पब्लिकेशन आदि विषयों पर चर्चा की। राय ने विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी सेल के सदस्यों डॉक्टर गजेंद्र सिंह, अंबालिका प्रसाद एवं डॉक्टर केसी झा से सीधी वार्ता की और उन्हें दूसरे विश्वविद्यालय से कोलेबोरेशन एवं इनोवेशन की सलाह दी।



विचार-विमर्श करते प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी ● फोटोन न्यूज



## राष्ट्रपति ने गिरिडीह को भूमि सम्मान अवार्ड से नवाजा

भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के तत्वावधान पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन के सभागार में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गिरिडीह जिले को भूमि सम्मान एवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में गिरिडीह के अपर समाहर्त्ता विलसन भेगरा ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में भूमि सम्मान एवार्ड प्राप्त किया। मौके पर गिरिडीह अंचल अधिकारी भी थे। जिले को सम्मानित किए जाने के बाद गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जिले के सभी राजस्व पदाधिकारी, जिला पीएमयू एवं कर्मियों को बधाई दी है। ● फोटोन न्यूज

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से

## BJP ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है।

इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा। चार जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है।



विधानसभा ● फोटोन न्यूज

सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे।

संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं।

**इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा, जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है।**

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे। पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जाएगा। इन सबके बीच बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर एक नए सिरे से भाजपा के दूसरे बड़े नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की चर्चा शुरू हो गई है। यदि ऐसा होता है तो नेता प्रतिपक्ष को लेकर छाया ग्रहण दूर हो जाएगा।

भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता मनोनीत कर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अनुशंसा कर रखी है लेकिन स्पीकर कोर्ट में चल रहे दलबदल के मामले की वजह से बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष की स्वीकृति अब तक नहीं मिली है। मानसून सत्र का कार्यकाल भले ही छोटा है लेकिन विपक्ष की तैयारी को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि सदन की कार्यवाही हंगामेदार होगी।

## दिशुम गुरु शिबू सोरेन से मिले झारखंड आंदोलनकारी



विचार- विर्मश करते दिशुम गुरु शिबू सोरेन के साथ खड़े आंदोलनकारी ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** अलग झारखंड राज्य के आंदोलनकारी अगुआ दिशुम गुरु शिबू सोरेन से मिलकर झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित आयोग द्वारा अलग राज्य की लड़ाई में लड़ने वाले आंदोलनकारियों को चिन्हित करने को लेकर गुरु जी से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर झारखंड राज्य चिन्हित आयोग कार्यालय में जाकर आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो एवं नरसिंह मुर्मू से मिलकर झारखंड आंदोलनकारी की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया. साथ ही अधूरे एवं कुछ छूटे हुए आंदोलनकारी साथियों का जिनका नाम आयोग तक नहीं जा सका है उन्हें सदस्यों से आग्रह कर झारखंड आंदोलनकारी को चिन्हित करने के लिए उनसे मिले. मिलने वालों में झारखंड आंदोलनकारीयों का प्रतिनिधिमंडल से सुनील राज चक्रवर्ती, कपिल महतो, हरिचरण मुंडा, रामदेव महतो, रामरतन करमाली, जगरनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# रेल मंत्री से मिलकर समस्या समाधान के प्रयास करूंगी : अन्नपूर्णा देवी

## ग्रामीणों ने कहा- रास्ता नहीं दिया गया तो बाउंड्री करने नहीं देंगे

**PHOTON NEWS KODARMA:** जिले के जयनगर प्रखंड के गरगी पंचायत में रेलवे की ओर से घेराबंदी किए जाने और ग्रामीणों के लिए रास्ता नहीं देने को लेकर मंगलवार को भी लोगों ने बैठक की। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम व संचालन राम नारायण यादव ने की। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बैठक में पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी। लोगों ने कहा है कि जब तक रेलवे द्वारा 20 फीट का रास्ता नहीं दिया जाता है तब तक किसी भी हाल में रेलवे को घेराबंदी करने नहीं दिया जाएगा। राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आप लोगों की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेल मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत करवाऊंगी और हर हाल में समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा है कि जब तक रेलवे के द्वारा रास्ता नहीं दिया जाता है तो किसी भी हाल में रेलवे को घेराबंदी करने के लिए नहीं दिया जाएगा। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा है कि रेल प्रशासन का मनमानी किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जाएगा और अगर रेलवे के द्वारा रास्ता नहीं दिया गया तो पूरे रेल को अस्त-व्यस्त कर दिया जाएगा।



# आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, भ्रष्टाचार का आरोप लगा बीडीओ-सीओ के खिलाफ नारेबाजी

**PHOTON NEWS RANCHI:** आजसू पार्टी पूरे राज्य के सभी 263 प्रखंडों पर जन मुद्दों को लेकर हर प्रखंड में अलग-अलग तिथियों पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसी कड़ी में कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को कांके प्रखंड आजसू कमिटी के बैनर तले सैकड़ों आजसू कार्यकताओं के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांके ब्लॉक चौक से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए सैकड़ों कार्यकर्ता कांके प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में धरना पर बैठकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई। मौके पर आजसू नेताओं के द्वारा आरोप लगाते हुए कहा गया कि, कांके प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां पर दाखिल खारिज के नाम पर मोटी रकम दलालों के माध्यम से वसूला जाता है। हर कर्मचारी अपना अपना एक दलाल पाल कर रखे हुए हैं। जो घुस की मोटी रकम वसूलते हैं। बिना चढ़ावा के कांके अंचल में कोई भी काम नहीं होता है। वही प्रखंड कार्यालय पर भी प्रधानमंत्री आवास के नाम पर 10 - 10 हजार रुपये की वसूली की जाती है। यदि अधिकारी समय रहते इस पर भ्ष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाती है, तो आजसू पार्टी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय को तालाबंदी कर यहां पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा।



प्रदर्शन करते आजसू के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन असारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केन्द्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, नईम असांरी, जिला अध्यक्ष संजय महतो, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हकीम अंसारी, सुरेंद्र महतो, एतवा उरांव, किशोर महतो, अमित महतो,अभीषेक राज हेरेंज,जिला प्रवक्ता सुरज मिश्रा, वीणा देवी, महमूद अंसारी, रिजवान असारी, तैय्यब अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बेटियों के सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना ने सात लाख से अधिक बेटियों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।







**सबसे अधिक गिरिडीह की बेटियां**

योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियों जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

**जिला स्तर पर चल रहा अभियान**

राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी किशोरियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए किशोरियों को जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाए।

**पढ़ाई छूटे नहीं, जागरुकता का हो संचार**

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है, ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई ना छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा और बेटियां अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम भी होंगी।

**किन किशोरियों को मिल रहा लाभ**

राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनमें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 रुपये दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपये की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20 हजार रुपये देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40 हजार रुपये मिल रहा है।

## जल सहियाओं ने 42 माह से बकाया मानदेय के लिए घेरा पांकी विधायक आवास



**PHOTON NEWS PALAMU:** जल सहियाओं ने मंगलवार को 42 माह से बकाया मानदेय और प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर पांकी विधायक के लेस्लीगंज स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया। हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जलसहियाओं ने पांकी के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से उनकी मांगों का अविलंब पूरा कराने का आग्रह किया।

काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद पांकी विधायक डॉ मेहता ने वार्ता के लिए जलसहियाओं को बुलाया। उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर जलसहियाओं की मांग थी कि पिछले 42 माह से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया, न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय लागू करने के वादे को पूरा नहीं किया गया, जलसहियों को ईपीएफ का लाभ देने, वरीयता के आधार पर खाली पड़े पदों पर बहाली करने समेत अन्य शामिल है।

वार्ता के क्रम में जलसहिया ने कहा कि सरकार द्वारा ही 1000 का मानदेय भुगतान किया जा रहा था, लेकिन अब घटाकर 750 कर दिया गया। वार्ता के क्रम में विधायक ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को सीएम के समक्ष रखा जाएगा। विधायक ने कहा कि रघुवर दास की सरकार में जल सहिया का मानदेय अनियमित मिल रहा था मानदेय बढ़ना चाहिए था, लेकिन झारखंड सरकार ने उनके मानदेय को घटा दिया है। यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इनकी मांगों को विधानसभा में उठाएंगे।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 19 July 2023

# जस्टिस विक्रमादित्य कमीशन की रिपोर्ट पेश करें नहीं तो सशरीर हाजिर हों विधानसभा सचिव : HC

## विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका पर हुई सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड विधानसभा द्वारा कोर्ट के आदेश के आलोक में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर झारखंड हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की वन मैन कमिटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है तो विधानसभा सचिव कोर्ट में अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। इससे पहले विधानसभा की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा गया की जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमिशन की रिपोर्ट अभी जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास है। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की कमीशन से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट लेकर हाईकोर्ट में प्रस्तुत करें। वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की वही प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आएगी।

प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी। जिस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

## BRIEF NEWS

### मुहर्रम का चांद नजर नहीं आया, यौम-ए-आशुरा 29 को

**RANCHI :** एदारा-ए-शरीया के महासचिव मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि राज्यभर में मंगलवार को मुहर्रम का चांद नजर नहीं आया। इस हिसाब से इस्लामिया साल का प्रथम महीना मुहर्रम की पहली तारीख 20 जुलाई को होगी। वहीं, मुहर्रम की दसवीं तारीख यानी यौम-ए-आशुरा 29 जुलाई को होगी। एदारा-ए-शरिया के दारूल कजा की हिंदपीढ़ी इस्लामी मरकज स्थित कार्यालय में हुई बैठक में इसका ऐलान किया गया। मौलाना रिजवी ने बताया कि चांद को लेकर एदारा-ए-शरिया की ओर से रांची समेत पूरे झारखंड के अलावा पटना, पूर्णिया, वाराणसी, बरैली शरीफ, राजस्थान, गुजरात, कोलकाता समेत अन्य जगहों से संपर्क किया गया। लेकिन कहीं से भी मंगलवार को चांद नजर आने की सूचना नहीं मिली।

### ममेरे भाई ने कारोबार का झांसा देकर ठग लिए थे 15 लाख रुपये

**RANCHI :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के न्यू एजी को-ऑपरेटिव कॉलोनी मंदिर मार्ग में रहने वाले प्रभात रंजन के पुणे में धोखाधड़ी से आहत होकर जीवन लीला समाप्त करने के मामले में परिजन एक और प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। आइटी प्रोफेशनल प्रभात रंजन के पिता शम्भू प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को अरगोड़ा थाना और हटिया डीएसपी को लिखित शिकायत की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके साला वीरेंद्र प्रसाद के बेटे और पटना के जगदेव पथ में मगध वाटिका अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या बी-103 में रहने वाले सचिन कुमार ने प्रभात रंजन को कारोबार के नाम पर 15 लाख रुपए ठगे और बाद में वापसी से इंकार कर दिया था। जिस कारण बेटा प्रभात रंजन कर्ज का बोझ बढ़ने से हताश हो गए थे। उन्होंने बताया कि साला के बेटे ने एसएस इंटरप्राइजेज कंपनी के जरिए देश के कई बड़े अस्पताल में सामान की आपूर्ति का झांसा दिया था। रिश्तेदार द्वारा धोखा दिए जाने से प्रभात अवसादग्रस्त हो गए थे। इसके बाद उन्होंने पिछले 13 जुलाई को पुणे के खराड़ी विट्ठलनगर में ईन यांग सोसायटी के 11वें तल स्थित फ्लैट की बालकोनी से नीचे छलांग लगाकर जान दे दी थी।

### जापान में झारखंड के लोगों ने निकाली कांवर यात्रा

**RANCHI :** बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ जापान के सदस्यों ने जापान में दूसरे साल कांवर यात्रा का आयोजन किया। इसमें दोनों राज्यों के लोगों ने भाग लिया। सुल्तानगंज से 5 लीटर गंगाजल वहां पहुंचाया गया था। कांवर यात्रा राधा कृष्ण मंदिर फुनाबोरी से शुरू हुई और सीतामा शिव मंदिर तक गई। छठ पूजा के साथ इसे भी विश्व पटल पर ब्रांड के रूप में पेश करने का प्रयास है। इस यात्रा में झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व प्रोटोकॉल अधिकारी मिथिलेश कुमार के टोक्यो में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेटे अमित कुमार व रांची के रूपेश अग्रवाल भी शामिल हुए।

### झारखंड को ट्रैफिकिंग मुक्त बनाने की जरूरत : ममता

**RANCHI :** झारखंड को पलायन मुक्त बनाना है और ट्रैफिकिंग के कलंक को धोना है। ये बातें राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कही। वे मंगलवार को रांची स्थित एक होटल में आयोजित ट्रैफिकिंग से बचाव व पुनर्वास विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। आयोजन बाल कल्याण संघ और एटसेक झारखंड चैप्टर ने किया था।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## पूर्व जस्टिस की जमीन पर अतिक्रमण मामले में नहीं आया जवाब, 21 को अगली सुनवाई

**RANCHI :** भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री को तोड़ने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में रांची एसएसपी की ओर से जवाब दायर किया गया। वहीं गृह विभाग के प्रधान सचिव की ओर से जवाब दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 21 जुलाई निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए उनसे पूछा था कि राजधानी रांची में भू माफियाओं द्वारा जमीन कब्जे से संबंधित मामले को लेकर कितनी शिकायतें आई, इसके बाद पुलिस द्वारा मामले में कितने एफआईआर दर्ज किए गए। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में क्या एक्शन ले गए और कितनी गिरफ्तारियां हुई। वहीं कोर्ट ने मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग को भी शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि बीते 6 माह में प्रतिमाह आम लोगों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने से संबंधित मामले में कितनी बैठकें हुई। इस बैठक में क्या निर्णय लिए गए और उस पर क्या एक्शन लिया गया। इन बैठकों का एजेंडा भी कोर्ट ने प्रस्तुत करने को कहा था। कोर्ट ने मामले में एडीजी आरके मल्लिक को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री तोड़े जाने मामले में जांच करने का निर्देश दिया है। दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एम वाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओ ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डो ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही लोअर बाजार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। भू माफिया अपने साथ मजदूर गेट बालू सीमेंट और ईंट लाए थे और बाउंड्री वॉल तोड़कर वह लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे बाद में पुलिस की देखरेख में बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।

## हाईस्कूल शिक्षकों के रिक्त पदों में से कितने भरे गए : हाईकोर्ट

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट की सूची जेएसएससी से मांगी है। कोर्ट ने जेएसएससी से यह भी पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हाई स्कूल शिक्षक के 17786 रिक्त पदों में से कितने पदों को भरा गया, कितनों की नियुक्ति के अनुशंसा की गई, क्या कट ऑफ मार्क्स था, इन सारे बिंदुओं पर कोर्ट ने जेएससीसी से 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी। मामले में मीना कुमारी समेत सात याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने कहा कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2016 के नियुक्ति विज्ञापन के आधार पर सरकार को हाई स्कूल शिक्षकों के 17786 रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जानना चाहा की सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी दें। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पैरवी की। दरअसल, मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से सात अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होने चाहिए क्योंकि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स उन्होंने लाया है, अगर हाई स्कूल शिक्षकों की रिक्तियां बची है तो उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।

## सीबीआई ने कहा, तारा शाहदेव को धोखे में रखकर की गई शादी

**RANCHI :** रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गयी। सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि तारा शाहदेव को धोखे में रखकर शादी की गयी। कहा गया कि शादी के बाद निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। इतना ही नहीं इस केस के दूसरे अभियुक्त मुश्ताक अहमद ने तारा को शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रताड़ित भी किया। सीबीआई की बहस के बाद अब अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं।

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**RANCHI :** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले मैं फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता ए के दास ने पैरवी की। बता दें कि मनोज पुनमिया की ओर से ईडी की विशेष अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह कोर्ट से किया गया है। उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है। ईडी कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास , मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपियों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

## मेडिकल स्टोर पर फायरिंग मामले में तीन धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में 13 जून को एक मेडिकल स्टोर पर अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने रंगदारी हेतु धमकी भरा पत्र देते हुए मेडिकल स्टोर मालिक पर जानलेवा फायरिंग की थी। इस मामले को लेकर टाटीसिलवे थाना में एफआईआर दर्ज की गयी थी। जिसके बाद रांची पुलिस ने जांच करते हुए 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।


जानकारी देते रांची एसएसपी।

एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का उद्भेदन करते हुए कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए रांची पुलिस ने एक टीम गठन किया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराधी राजू कुमार गुप्ता, नवनेहाल सिंह उर्फ चंदन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार किया। तीनों अपराधियों ने अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि अपराधियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध देसी पिस्टल, एक जिंदा गोली, घटना में शामिल बाइक, घटना के समय अपराधियों द्वारा पहना हुआ वस्त्र एवं जूता, 3 मोबाइल तथा घटनास्थल से एक खोखा तथा एक गोली एवं धमकी भरा पत्र को बरामद किया गया। इन तीनों का अपराधिक इतिहास रहा है।

## LIGHT HOUSE PROJECT के 14 लाभुकों का आवंटन निगम ने किया रद्द

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची नगर निगम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किश्त के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लोगों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा का नाम शामिल है। निगम ने इन आवंटियों को आपत्ति या शिकायत दर्ज कराने के लिए 22 जुलाई तक का समय दिया है। इधर लाइट हाउस का एक हिस्सा गिरने के बाद दर्जनों लाभुक लाइट हाउस प्रोजेक्ट में दिए गए पैसें की वापसी की भी मांग कर दी है। पैसा वापस करने को लेकर लगातार लाभुक निगम कार्यालय का घेराव कर रहे है। सहायक प्रशासक की ओर से सूचना जारी करते यह भी कहा गया है कि इस लिस्ट में अंकित लाभुकों को यदि किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत हो तो वे 22 जुलाई तक इस संबंध में पीएमएवाई कोषांग में संपर्क कर सकते हैं।

## झारखंड में शत-प्रतिशत VOTING का लक्ष्य, तैयारियों में जुटा चुनाव आयोग

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर अर्बन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तौर तरीके बताए जा रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय सभागार में तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए चुनाव आयोग राज्यभर में 800 मास्टर ट्रेनर तैयार कर रहा है, जो जिला स्तर पर अधीनस्थ कर्मियों को प्रशिक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश करेंगे।



निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करते अधिकारी।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान झारखंड की सभी 14 सीटों पर शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने तय किया है। इसके लिए वैसे शहरों और उसमें पड़ने वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में मतदान औसतन 66 फीसदी होते रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल में इसका प्रतिशत 80 तक पहुंच चुका है।

### रिंग रोड का निर्माण करने वाली एजेंसियों को लगाने होंगे 30 हजार पौधे

**RANCHI :** रिंग रोड का निर्माण करने वाली एजेंसियों को जुलाई माह में 30 हजार पौधे लगाने होंगे। वन विभाग ने इन एजेंसियों को पौधरोपण के साथ उसकी देखरेख करने का भी निर्देश दिया है। रांची रिंग रोड के पहले और दूसरे फेज का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) ने किया है। वहीं फेज 3 से लेकर फेज 7 तक का निर्माण झारखंड स्टेट रोड डिपार्टमेंट अथारिटी की ओर से किया गया है। लेकिन दोनों ही एजेंसियों ने रिंग रोड किनारे पौधरोपण का सिर्फ कोरम पूरा किया है।




**RANCHI :** पिठौरिया थाना परिसर में थाना दिवस के अवसर पर रिकवरी के 11 मोबाइल फोन को उनके मालिको को सौपा गया। मौके पर पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई राहुल कुमार, एसआई नीतीश कुमार मौजूद थे।

### पिछले 24 घंटे में राज्य के कुछ जगहों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की हुई बारिश

## बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर, सात दिनों तक होगी झमाझम बारिश

**PHOTON NEWS RANCHI :** बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर और ओडिशा में आये चक्रवाती तूफान के कारण झारखंड में मानसून सक्रिय है। जिसके कारण राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हुई है। ऐसे में राज्यभर में मानसून की गतिविधि समान रही। इस दौरान सबसे



अधिक बारिश 65.4 एमएम रामगढ़ में में दर्ज की गई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेसि रांची में दर्ज किया गया। औसत समुद्र तल पर मानसून टर्फ लाइन अभी गंगानगर, हिसार, अलीगढ़, ओराई, सीधी, डाल्टनगंज, दीघा से होकर गुजर रही है और वहां से दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी तक गई है और औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक फैली है। वहीं एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी और निकटवर्ती उत्तरी ओडिशा के गंगा तटीय पश्चिम बंगाल के तटों पर स्थित है और ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकते हुए औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुई है। अगले 2-3 दिनों के दौरान इसके उत्तरी ओडिशा और आसपास के गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा 18 जुलाई के आसपास बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर एक और ताजा साइक्लोनिक सकुर्लेशन बनने की संभावना है। झारखंड में इसका असर आगे एक-दो दिनों में रहेगा। इन सबसे कारण झारखंड में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम केंद्र रांची ने एक चार्ट जारी कर झारखंड में अगले 7 दिनों तक के मौसम का हाल बताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहें और एक से दो बाद हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी।

## रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का टाइम TABLE जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत कुछ दिन पहले की गई है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। अब रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारणी और रूट भी तय हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जाएगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होने वाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जाएंगी।

BRIEF NEWS

### माउंट एवरेस्ट स्कूल में आईआईटी जी एवं नेट की तैयारी कैसे स्कूल से शुरू करें पे कार्यशाला



**RAJRAPPA:** माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आईआईटी जी एवं नेट की तैयारी कैसे स्कूल से शुरू करें कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी जी एडवांस निकाल चुके दो छात्र एवं उसके मेंटर पिता ने भाग लिया. शिक्षित तिवारी बीटेक आईआईटी मद्रास ( ईडब्ल्यूएस रैंक 965 एआईआर 8890 ) एवं सक्षम तिवारी बीटेक आईआईटी बीएचयू (ईडब्ल्यूएस रैंक 1053 ए आई आर 7965 ) तथा मेंटर पिता जनार्धन तिवारी जो जेटी क्लासेस दिल्ली का संचालन करते हैं. इस कार्यशाला को सफलता पूर्वक संचालन किया। इस कार्यशाला में सक्षम तिवारी एवं शिक्षित तिवारी ने अपने आईआईटी की तैयारी के कठिन परिश्रम को छात्रों के साथ खुलकर बातें की। सक्षम तिवारी ने कहा कि आईआईटी जी परीक्षा निकालने वाले छात्र परीक्षा को लेकर 4 महीने पहले से ही सचेत रहते हैं। परीक्षा नहीं निकालने वाले छात्र परीक्षा के दो दिन पहले सचेत होते हैं। जनार्दन तिवारी ने छात्रों और अभिभावकों को अपने बच्चों के उदाहरण और उनके दिनचर्या के बारे सभी अभिभावकों के सामने विस्तार पूर्वक रखा। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि शहजादा अनवर ने छात्रों को प्रतियोगिता आधारित शिक्षा पर ज्ञान पूर्वक बातें साझा की। इस कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 के छात्र गुलाम अहमद और आदित्य तिवारी ने की। स्वागत भाषण सुश्री रुखसार तबस्सुम ने किया। इस कार्यक्रम में साजिद हुसैन, हैदर अली, अयाज शाह, खुर्शीद आलम, दिनेश कुमार, नीतू कुमारी आदि मौजूद थे।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा में दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



**BHURKUNDA:** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा में सोमवार की देर शाम पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूजा की सफलता को ले दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भुरकुंडा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी एवं रॉबिन मुखर्जी को संरक्षक बनाया गया। वहीं बाबूलाल नायक को अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपी गई। जबकि नरेश साहू को सचिव, विक्कू रजक, बुधन गोस्वामी व राजेश अग्रवाल को उपाध्यक्ष, उज्जवल उपाध्याय को कोषाध्यक्ष और ओम प्रकाश गुप्ता को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं निगरानी सदस्यों में अमित शर्मा, विनय मिश्रा, रूपेश दुबे, राजू पांडे, बिल्लू अग्रवाल, राजू सरकार, सक्रिय सदस्यों में पवन गुप्ता, सूरज, आदित्य करमाली, करण गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अनुराग, ऋषभ मिश्रा उर्फ माइकल, संतोष कुमार गुप्ता, संजय साहू, विक्की, रघुनंदन प्रसाद, राहुल रवानी एवं सचिन गुप्ता शामिल हैं।

### उप मुखिया जितेंद्र साहु ने महिला और पुरुष में धोती-साड़ी का किया वितरण

जनवितरण प्रणाली दुकान में लाल पिला ओर हरा कार्डधारियों को मुख्यमंत्री धोती साड़ी योजना के तहत गोला पंचायत के उप मुखिया जितेंद्र साहु ने गरिब रेखा के निचे रहने वालों को महिला ओर पुरुष को बितरण किया गया उप मुखिया जितेंद्र साहु ने कहा की आपको दिया जा रहा है इसका उपयोग करना है साल में दो बार दिया जाता है मात्र 10, रुपए प्रति पिस लिया जाता है सरकार के दुआरा जिनको अभी तक लाभ नहीं मिला है वह अपने अपने जहां राशन मिलता है वहां पर आपलोगो का दिया जाएगा डिलर बिनोद रवी दास छेदी पोदार ओर कई लाभुक उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

# DC ने जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**PHOTON NEWS RAMGARH:** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की।

इस दौरान लोगों ने भूमि, नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक

## नीति आयोग के सूचकांकों का अवलोकन करते हुए दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त व अन्य कर्मी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़: मंगलवार को नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में की गयी। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले के रैंक में काफी सुधार हुआ हैं। मई माह में रामगढ का डेल्टा रैंकिंग 24 रहा जिसको लेकर समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी विभाग के सम्बंधित अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उन्होंने नीति आयोग के सभी सूचकांकों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विशेष कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि विभाग के सूचकांकों में सुधार लाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस मे समन्वय कर ससमय आकांक्षी जिला कोषांग को जानकारियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एलडीएम, एसएमपीओ रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# TB मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बैठक में उपस्थित रामगढ़ उपायुक्त व अन्य कर्मी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज की अध्यक्षता में मांडू प्रखंड के सभागार में टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगो के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टी०बी० के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टी०बी० मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टी०बी० जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगो को टी०बी० के प्रति जागरूक करें। साथ ही टी०बी० मरीजों के लिए सरकार द्वारा टी०बी० की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांडू डॉ नितेश कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टी०बी० के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफरल सिल्प व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान बीपीओ कामाख्या प्रसाद, मुखिया बड़कागांव बुलबुल कुमारी, मुखिया कीमो चमेली देवी, मुखिया बसंतपुर सरिता देवी, मुखिया ओरला गुड़िया देवी, पिरामल स्वास्थ्य से अर्पिता पारासर एवं इरशाद अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में दूसरा 15 दिवसीय शिविर

## 14 जुलाई से अब तक 237 बच्चों की हुई कुपोषण स्क्रीनिंग

**आज से शुरू होगा कुपोषित बच्चों का उपचार**



**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत दूसरा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन पतरातू प्रखंड के कोतो एवं पालू पंचायत क्षेत्र में किया जा रहा है। इस दौरान अंबाटोला, दाड़ीडीह, रोचाप दोकाटांड, रोचाप ऊपर टोला एवं रोचाप मुस्लिम टोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करते हैं हुए क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के कुपोषण जांच के लिए 14 जुलाई से 17 जुलाई तक स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है जिसके उपरांत 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कुपोषित बच्चों के उपचार का कार्य किया जाएगा।

शिविर के तहत अब तक 237 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है वही 85 बच्चों को कुपोषित पाया गया है। शिविर के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित होने की पहचान होने के उपरांत 3 बच्चों को नजदिकी एमटीसी केंद्र में उपचार हेतु भेजा गया है। गौरतलब हो कि शिविर के तहत जिन बच्चों को कुपोषित पाया गया है उनके उपचार हेतु 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कार्य किया जाएगा।

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं

**विस्तृत कवरेज**

एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष**

यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य**

यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह**

उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे

**सेवाएं**

चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

**नियमित भोजन**

कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा।

**टेलीमेडिसिन**

यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

# खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक

## मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन का निर्णय



बैठक में उपस्थित समिति के लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पुरण बाला श्री हनुमान मन्दिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की पुरानी कमेटी के सदस्यों की बैठक मंगलवार को समिति के उपाध्यक्ष सुखदेवराम के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता संजय अग्रवाल व संचालन परमजीत सिंह धामी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर रख-रखवा व निर्माण से संबंधित कई विवादों और प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो की खोपड़िया बाबा धर्मशाला जीर्णोद्धार को लेकर बाजार में ही दो समितियों का निर्माण हो गया है। पुरानी समिति ने बताया की मन्दिर से संबंधित करवाई के लिए लिखीत जानकारी भुरकुंडा ओपी प्रभारी, अंचल व जिला प्रसासन के आला अधिकारी को भी ज्ञापन के माध्यम से दिया गया है। अब दुसरे स्मार पत्र की छाया प्रति के साथ सम्पूर्ण पत्रों का छाया प्रति मुख्य मंत्री झारखण्ड सरकार को डाक के माध्यम से भेजी गई है। स्थानीय विधायक के आवासीय कार्यालय पतरातू जाकर भी अध्यक्ष व सचिव के द्वारा उन्हें छायाप्रति देकर सारी विवादों की जानकारी दी गई है। सभी विषयों पर चर्चा कर स्थानीय प्रशासन के रवैया पर समिति ने नाराजगी व्यक्त किया है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गई की एक सप्ताह के भीतर प्रसासन द्वारा हमारी मांग-पत्र और स्मार पत्र के आलोक में कार्रवाई नही कि जाती है तो आंदोलन का रूख अख्तियार किया जायेगा।

## आत्मरक्षा का बेहतर साधन है कराटे : आशुतोष चौबे

# बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



कराटे का गूर सिखते बच्चे • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** जवाहर नगर पंचायत के हुरूमगढ़ा कूप मैदान में मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मंगलवार को कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें फेडरेशन के झारखंड चीफ सह प्रशिक्षक सेंसी विकाश पाठक द्वारा बच्चों को कराटे का गुर सिखाया गया। साथ ही फाइट आदि का योगाभ्यास कराकर इसके फायदों से बच्चों को अवगत कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष चैबे ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कराटे सीखते हैं उनकी एकाग्रता अन्य बच्चों की अपेक्षा ज्यादा बेहतर होती है। श्री चैबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए बच्चे भी शारीरिक रूप से फिट रहेंगे तो निश्चित तौर पर उनका मानसिक विकास बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि मैं खुद भी एक फौजी रहा हूं तो कराटे या अन्य व्यायाम के क्या महत्व है उसे अच्छी तरह समझता हूं। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों को पढ़ाई सहित हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। वहीं सेंसी विकाश पाठक ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। सबों को नियमित रूप से कराटे व योग का प्रशिक्षण लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए कराटे व योग का प्रशिक्षण बहुत लाभदायक सिद्ध होता है। शिविर में विद्यालय के दर्जनों बच्चें शामिल होकर इसके फायदों से अवगत हुए।

# सोना सोबरन योजना के तहत दोतल्ला पंचायत के जविप्र से धोती-साड़ी का हुआ वितरण



साड़ी-धोती व लुंगी का वितरण करती मुखिया सत्यवंती देवी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में झारखण्ड सरकार के सोना सोबरन योजना के तहत मंगलवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सरोज देवी के दुकान में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा लाभुकों के बीच साड़ी व धोती का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि झारखंड सरकार के इस योजना से क्षेत्र के लाभुक काफी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के तहत वर्ष में दो बार मात्र 20 लेकर साड़ी व धोती जन वितरण प्रणाली के डीलर के माध्यम से दिया जाता है। उन्होंने कहा की सभी पीएच एवं ग्रीन राशन कार्डधारियों को धोती-साड़ी एवं लुंगी का लाभ दिया जायेगा। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, वार्ड सदस्य दयामुनी मुर्मू, नरेश महतो, ईसरत जहां, ललिता देवी, शकुंतला देवी, राधा देवी, मंजू देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

## विहिप गोला प्रखंड बैठक में आगामी कार्यक्रम एवं पंचायत समिति बनाने को लेकर हुई बैठक

# बजरंग दल सभी पंचायतों में समिति बनाने का लिया संकल्प

**संगठन विस्तार, अखंड भारत संकल्प दिवस, स्थापना दिवस आदि पर विस्तृत रूप से हुई चर्चा।**



**PHOTON NEWS RAMGARH:** विश्व हिंदू परिषद गोला प्रखंड बैठक महादेव मंडप गोला में मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे जितेंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ एवं संचालन शिवा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा, जिला सह मंत्री सह गोला प्रखंड पालक तरुण वर्मा एवं बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार, जिला मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। देवी सिंह जी बैठक को संबोधित करते हुए कहा की विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व के कई देशों में इसकी समितियां है और अब इसे और गति देने की आवश्यकता है जिसके लिए हमें प्रखंड के सभी पंचायतों व ग्राम स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है इसी निमित्त आज गोला प्रखंड के समिति का पुनर्गठन हुआ जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष अमर कुशवाहा, प्रखंड मंत्री जितेंद्र प्रजापति, सह मंत्री अभिषेक खत्री, सत्संग प्रमुख सुभाष नायक, दुगार्वाहिनी संयोजिका मुस्कान शर्मा, बजरंग दल संयोजक शिवा प्रजापति, सहसंयोजक रामा करमाली, मिलन केंद्र प्रमुख प्रेम प्रजापति, विद्यार्थी प्रमुख अनिकेत कुमार, सुरक्षा प्रमुख सचिव चक्रवर्ती, गोरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा, बलोपासना केंद्र प्रमुख सनी महतो इत्यादि। इन सबों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का भिन्न भिन्न प्रकार के दायित्व का बोध कराया गया गया। बैठक में तय हुआ कि 15 जुलाई से 10 अगस्त तक संगठन विस्तार का कार्य ग्राम स्तर तक चलेगा। जिसमें सभी प्रखंड के पदाधिकारियों को 2 पंचायतों का पालक बनाकर उस पंचायत के समिति का विस्तार करने का कार्य सौंपा गया। इसके अलावा 14 अगस्त को अखिल भारतीय कार्यक्रम के निमित्त अखंड भारत संकल्प दिवस तथा कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस गांव गांव में मनाया जाएगा। दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका मुस्कान शर्मा ने भी लगभग 10 संस्कार केंद्रों का वृत्त दिया और बाकी के ग्रामों में भी संस्कार केंद्र का कार्य बढ़े इसको लेकर मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों से विचार किया। और सभी गांव मे जाकर माताओं बहनों को दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति से जोड़ने का संकल्प लिया। जिला मंत्री छोटू वर्मा ने प्रखंड के अधिकारियों से पंचायतों में जाकर समिति विस्तार का तिथि, समय और स्थान तय कर उस पंचायत का पालक तय किया और सभी पंचायत के कार्यक्रमों का और समितियों का वृत्त लिया।

# उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान और जरूरतमंदो की सेवा निरंतर जारी रहेगी : माला शर्मा



सिविल सर्जन को सम्मानित करते लायंस क्लब के लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** रामगढ़ जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार के उत्कृष्ठ कार्य व उनके योगदान के लिए सरकार से सम्मान प्राप्त होने पर लायंस क्लब भुरकुंडा के तत्वावधान में नारी शक्ति प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंगलवार को उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान लायंस क्लब भुरकुंडा ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से मुलाकात कर उनकी पूरी टीम को शुभाकाएं दी। साथ ही क्लब की लायन अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने डॉ प्रभात कुमार को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर माला शर्मा ने कहा कि डॉ प्रभात कुमार की योगदानों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि क्लब उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान और जरूरतमंदो की सेवा निरंतर जारी रखेगी। ज्ञात हो कि रामगढ़ जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सरकार से सम्मान प्राप्त हुआ है।

BRIEF NEWS

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 24 हजार रुपए

JAMSHEDPUR : शहर में एक बार फिर एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। हाल के दिनों में इस गिरोह ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। ताजा मामला आजादनगर थाना क्षेत्र का है जहां रतनलाल महतो से ठगों ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 24 हजार रुपए की निकासी कर ली गयी। जब इसका मैसेज मोबाईल पर आयो तो रतन लाल हक्का बक्का रह गए। उन्होंने आजादनगर थाना में मामला दर्ज कराया है। रतनलाल पेशे से सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। शिकायत में उसने पुलिस को बताया है कि 16-17 जुलाई की देर रात वह पारडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से रुपए की निकासी करने गया था। इसी बीच रुपए नहीं निकले पर एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड फंस गया। बाहर खड़े एक युवक ने कहा कि वह मदद कर एटीएम कार्ड निकाल देगा। थोड़ी देर बाद उसने एटीएम कार्ड निकालकर वापस कर दिया इतने में ही उसने एटीएम कार्ड बदल दिया। घर लौटने के बाद 24 हजार रुपये की निकासी का एक मैसेज आया।

## लूट की योजना बनाते हेते गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद



JAMSHEDPUR : सोनारी पुलिस ने दो मुहानी में अप्रिय घटना की योजना बना रहे हेते गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू सिंह उर्फ सियाल, सुमित गोराई उर्फ विक्की, संतोष स्वामी उर्फ खट्टा, रुपेश महतो और आकाश दीप उर्फ पगला शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो तलवार और पांच मोबाइल बरामद किया है। इस मामले में गिरफ्तार सुमित गोराई 15 जुलाई की रात सुमित यादव पर फायरिंग का आरोपी भी रह चुका है। जानकारी देते हुए प्रभारी डीएसपी हेडक्वार्टर 2 अनिमेष गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों सुमित यादव पर फायरिंग की गई थी। इसी बीच सूचना मिली थी कि दो मुहानी में कुछ आपराधिक तत्व लूट की योजना बना रहे थे। पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की और सभी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जानकारी मिली कि सभी लूट की घटना को अंजाम देने की की फिराक में थे और इसी की योजना बना रहे थे। फिलहाल आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## कान्वाई चालकों ने टाटा मोटर्स के समक्ष किया प्रदर्शन, प्लांट हेड को सौंपा मांगपत्र

JAMSHEDPUR : कान्वाई चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को टाटा मोटर्स गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ज्ञानसागर प्रसाद के नेतृत्व में एक मांग पत्र प्लांट हेड को सौंपा। इस संबंध में कान्वाई चालकों के नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने कहा कि टाटा मोटर्स प्रबंधन द्वारा लगातार झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है। टाटा मोटर्स के चेचिस डिस्पैच विभाग की देखरेख कर रहे मेजर बीएन सिंह एवं जेपी सिंह द्वारा चेचिस बुकिंग, चालकों का रिप्लेस के नाम पर मनमानी किया जा रहा है। वास्तविक कान्वाई चालकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उनका हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मांग पत्र के माध्यम से प्लांट हेड से चालकों के नाम पर चलाई जा रही अवैध कान्वाई यूनियन पर प्रतिबंध लगाने, अनुपस्थित चालकों के नाम अवैध रूप से बुकिंग करने पर प्रतिबंध लगाने एवं चालकों एवं प्रबंधन के बीच संवाद स्थापित करने के लिए तदर्थ कमेटी बनाने का अनुरोध किया गया है। इस दौरान कान्वाई चालकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर गेट पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दिनेश पांडे, विनोद कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, बिरेंद्र पाठक, विवेक कुमार सिन्हा, जयप्रकाश, भगवान सिंह, त्रिलोचन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सुरक्षाबलों को उड़ाने की साजिश नाकाम 10 केजी का बूबी ट्रैप आईईडी बरामद

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र से 10 केजी का एक और बूबी ट्रैप आईईडी बरामद किया है। बरामद आईईडी को बीडीडीएस टीम की मदद से उसी स्थान पर विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में गैर कानूनी गतिविधि के लिए घूम रहे है। इस सूचना के आलोक में जनवरी माह से चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



बरामद आईईडी।

इसी क्रम में 27 मई से एक अभियान टोंटो थानान्तर्गत ग्राम तुम्बाहाका एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र एवं गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा एवं मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के दौरान मंगलवार को गोईलकेरा थानान्तर्गत क्षेत्र के हाथीबुरु के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 10 किलो का एक बूबी ट्रैप आईईडी को बरामद कर लिया गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से आईईडी को नष्ट

## पहले शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण, अब जान से मारने की धमकी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी निवासी एक युवती के साथ जादूगोड़ा के रहने वाले देवेंद्र नाथ मुर्मू ने पहले शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया और अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले को लेकर पीड़िता ने प्राथमिकी भी दर्ज कराई बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्रवाई को लेकर मंगलवार को पीड़िता एसएसपी से शिकायत करने पहुंची। पीड़िता ने बताया कि देवेंद्र एसबीआई बैंक में काम करता है। साल 2021 में उसकी मुलाकात देवेंद्र से हुई थी। इसी बीच दोनों नजदीक आ गए और प्रेम हो गया।




शादी का दबाव देने पर मार्च 2022 में देवेंद्र ने उसे अपने साथ घर में रखा पर कुछ दिन बाद ही घर से निकाल दिया। इसके बाद अक्टूबर 2022 में देवेंद्र के खिलाफ कोर्ट परिवाद दर्ज कराया। कोर्ट के आदेश पर मामला जादूगोड़ा थाना में दर्ज किया गया। इधर, मामला दर्ज होने के बाद अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दो दिनों पूर्व देवेंद्र ने शादी भी कर ली। एसएसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा : अंसर की जारी, विद्यार्थी 21 तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) ने पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित आंसर की जारी कर दी है। छात्र इसे पर्षद की वेबसाईट https://jceceb.jharkhand.gov.in पर जाकर इसे देख सकते हैं साथ डाउनलोड भी कर सकते हैं। अगर किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्नपत्र के प्रकाशित की गयी आंसर पर कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति को प्रमाण के साथ ई-मेल के माध्यम से भेज सकता है। यह आपत्ति 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक स्वीकार्य की जाएगी। आपत्ति पर्षद के मेल आईडी controller.jceceb@gmail.com पर भेजना होगा। इसके साथ ही निर्धारित तिथि तक हाथो हाथ भी आपत्ति स्वीकार्य किया जाएगा। इन आपत्तियों के निस्तार के बाद पर्षद फाईनल अंसार की जारी करेगा और उसके बाद परीक्षा परिणाम जारी होगा। यह जानकारी जेसीइसीइबी के उप परीक्षा नियंत्रक रंजीता हेंब्रम ने दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद किसी के भी आपत्ति को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

**16 जुलाई को आयोजित हुई थी परीक्षा :** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि परीक्षा आयोजित होने के तीन दिनों के अंदर ही इसका आंसर की जारी कार दिया गया है। पर्षद का कहना है कि वह परीक्षा परिणाम भी इसी महीने जारी कर देगा।

**इन कोर्स में होगा दाखिला :** पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इंटर स्तरीय पाठ्यक्रम जैसे फामेर्सी एवं पारा मेडिकल के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन होगा। साथ ही इसके माध्यम से मैट्रिक स्तरीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम जैसे ड्रेसर, मेडिकल लैब अटेंडेंट, रेडियोग्राफर अटेंडेंट आदि के एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में भी नामांकन होगा।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी मध्य विद्यालय प्रबंधन को शिक्षा विभाग ने जारी किया शो कॉज नोटिस

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : श्यामा प्रसाद मुखर्जी मध्य विद्यालय (खासमहल) को विभागीय आदेश का अनुपालन नहीं करने पर जिला शिक्षा विभाग ने शोकॉज नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर विभाग की ओर से स्कूल की प्रस्वीकृति वापस लेने की बात कही गई है।

सोमवार को डीएसई (जिला शिक्षा अधीक्षक) निशु कुमारी ने इस स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इसमें यह बात सामने आई कि विभागीय आदेश के इतर इस स्कूल में कक्षा एक से 3 तक की पढ़ाई सुबह 6.30 बजे से 10.30 बजे तक, जबकि चौथी से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई 11.30 बजे तक संचालित हो रही थी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक एक जुलाई से स्कूलों को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होना है। यही नहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मध्य विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों से शिक्षण कार्य लिया जा रहा था, जबकि विभागीय आदेश है कि पहले वेतन निर्धारण के पूर्व किसी भी नवनियुक्त शिक्षक से कार्य नहीं लेना है।

**19 साल से विद्यालय सचिव पद पर एक ही व्यक्ति कार्यरत :** जिला शिक्षा विभाग की जांच में यह बात भी सामने आई कि प्रबल कुमार देव लगभग 19 साल से विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव पद पर कार्यरत हैं। इस अवधि में कभी समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। इसलिए विभाग का मानना है कि इस स्कूल में स्वस्थ शिक्षा का वातावरण नहीं है। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जानबूझकर विभागीय निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है।

**समय पर नहीं पहुंचे विभाग तो 13 लिपिक :** जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी ने अपने ही कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यह बात सामने आयी की सुबह 10.15 बजे तक विभाग के उपस्थिति पंजी में 13 लिपिक की हाजिरी नहीं थी। ऐसे में इन्हें अनुपस्थित मानते हुए डीएसई ने सभी का लिपिक व आदेशपाल का वेतन स्थगित करते हुए शोकॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है। डीएसई ने कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होना अनुशासनहीनता है। इसके लिए सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन लिपिकों को नोटिस जारी किया गया है उसमें वकिल सिंकू, रूप नारायण पाट पिंगुवा, महेंद्र कुमार शर्मा, यशवंत कुमार, प्रेम प्रमोद चिरमाको, अरविंद कुमार, अनिल कुजूर, आमुश ओडेया, कमल किशोर गगराई, जिदन लोमगा, शांति मुर्मू, पल्लवी प्रधान व जितेंद्र कुमार झा का नाम शामिल हैं।

# NTTF के 260 छात्रों के नए बैच का 15 दिवसीय परीक्षण सत्र शुरू

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में नए बैच के छात्रों का संस्थान के सभागार में अभिनंदन किया गया। मंगलवार को कुल 260 छात्रों के इस बैच का 15 दिनों का विशेष परीक्षण सत्र शुरू हुआ।

इस बैच का स्वागत करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य प्रीता जॉन ने शहर के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान को चुनने की बधाई दी। उन्होंने बताया कि आज के इस युग में तकनीकी शिक्षा एक अनिवार्य विषय है और इसे पूरा करने में संस्थान पूर्ण रूप से सक्षम है। दीपक सरकार और शिल्पा कुमारी गुप्ता ने छात्रों को संबोधित किया और प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की शुरूआत



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल छात्र। ● फोटोन न्यूज

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद फिर सभी शिक्षकों का परिचय कराया गया। इस पूरे सत्र के दौरान शारीरिक प्रशिक्षण-योग, समय प्रबंधन, विभिन्न रचनात्मकता, के साथ-साथ टीम बिल्डिंग,एवं मेमोरी तकनीकी से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गयो कार्यक्रम का समापन 29 जुलाई को होगा।संस्थान के उप प्राचार्य रमेश राय ने अनुशासन की प्रतिबध्दता से छात्रों को अवगत कराया। इस अवसर पर अनिल जावली, वरुण कुमार, पंकज गुप्ता, अजीत, हरीश कुमार, दीपक सरकार, नकुल, शिव प्रसाद मनीष, प्रीति, मनीषा, बीरेंद्र आचार्य, सहित अन्य उपस्थित थे।

एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर में कार्यशाला का आयोजन

## प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर देशभक्ति की भावना हमेशा होनी चाहिए : आशीष कुमार पांडेय

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीईओ आशीष कुमार पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रिक्रूमेंट ऑफिसर बिपिन डोगरा, मनोज बंजारा, नितिन कुमार, प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने अग्निवार के लाभ के बारे में बताया।

प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने शॉल देकर अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। आशीष कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर देशभक्ति की भावना हमेशा होनी चाहिए। वे इस



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व छात्र। ● फोटोन न्यूज

अवसर का लाभ उठाकर देश हित में काम करें। अपने कौशल को बढ़ाएं। मनोज बंजारा ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से इस कार्यक्रम में शामिल होने का रास्ता बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय कुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन डा विजय प्रकाश ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप डॉ दीपांजय श्रीवास्तव, डॉ डीके मित्रा, प्रो पुरुषोत्तम प्रसाद, डा मौसमी पॉल, डा संचिता भुई सेन, प्रो बिनोद कुमार, प्रो अरविंद पंडित, डा रानी, डा संतोष कुमार, प्रो रितु सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रेल ओवर ब्रिज की मांग को लेकर लोगों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : परसुडीह जोजोबेड़ा रेलवे फाटक पर रेल ओवर ब्रिज की मांग को लेकर बस्ती विकास समिति की ओर से बैनर और रजिस्टर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस हस्ताक्षर अभियान में बारीगोड़ा, राहरगोड़ा, गदड़ा, बामनगोड़ा, सोपोडेरा, सरजामदा एवं जसकंडी के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दो रेलवे फाटक पर प्रतिदिन रेलगाड़ी के आवाजाही से अधिकांश समय



हस्ताक्षर अभियान में शामिल लोग।

फाटक बंद रहने पर इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारीगोडा एवं जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के दो-दो फाटक का दंश इस क्षेत्र की जनता को झेलना पड़ता है। लोगों का कहना है कि रेल फाटक बंद रहने से राहगीरों, स्कूली बच्चे, टाटा मोटर्स कर्मचारी एवं अन्य कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी कभी भी समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं।

इस हस्ताक्षर अभियान में बस्ती विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिव जी प्रसाद, महामंत्री शैलेन्द्र सिन्हा, विनोद कुमार सिंह, मुखिया सुनीता नाग, आसपास क्षेत्र के सभी मुखिया उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया है।

## टीपीएसडीआई ने दो लाख छात्रों को किया प्रशिक्षित

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (टीपीएसडीआई) ने बिजली क्षेत्र के लिए आवश्यक और ग्रीन जॉब स्किल्स में दो लाख छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया। अत्याधुनिक कौशल संवर्धन संस्थान टीपीएसडीआई कंपनी ने ह्लसस्टेनेबल इज अटेनेबलह्व मिशन के अनुरूप नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित नौकरियों पर विशेष ध्यान देने के साथ युवाओं को रोजगार योग्य, कौशल एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को रोजगार, सम्मानपूर्ण कार्य और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। भारत भर में अपने छह प्रशिक्षण केंद्रों के साथ, टीपीएसडीआई ने भारतीय विद्युत क्षेत्र में प्रचलित कौशल के अभाव की महत्वपूर्ण चुनौती को हल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। जैसे-जैसे स्थायी समाधान और पर्यावरण संरक्षण की मांग बढ़ती जा रही है, ग्रीन जॉब्स का उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है।

**युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास :** टीपीएसडीआई ग्रीन जॉब्स की इस बढ़ती मांग को पहचानता है क्योंकि भारत का लक्ष्य 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना है और भारत के 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर टाटा पावर के एचआर व सीएसआर हेड हिमल तिवारी ने कहा कि टाटा पावर परिवर्तनकारी भविष्य के लिए कौशल और प्रगतिशील क्षमता निर्माण के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने में विश्वास करता है। हमारा प्रयास है कि युवाओं को भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। टीपीएसडीआई के माध्यम से हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं जो युवाओं के लिए अत्याधुनिक हरित और स्मार्ट ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में केंद्रित प्रशिक्षण को बढ़ावा दे, जिससे उन्हें लाभकारी रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्राप्त हो।

JUGSALAI ME SCHOOL ROAD स्थित राजस्थान शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का मंगलमय श्रीगणेश

# समाधान देने वाला धर्म भी है सनातन धर्म : डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : श्रीधाम वृन्दावन से पधारे युवा धर्माचार्य एवं भागवत कथा के परम विद्वान प्रवक्ता गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराजश्री के पावन सान्निध्य में पावन पुरूषोत्तम मास के सुअवसर पर मालीराम घनश्याम दास गढ़वाल एवं समस्त गढ़वाल परिवार (थोई निवासी राजस्थान) द्वारा जुगसलाई एमई स्कूल रोड़ स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर में आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार की सुबह कलश यात्रा के साथ मंगल श्री गणेश हुआ। विधिविधान से पूजन अर्चना कर कलश यात्रा गढ़वाल




कलश यात्रा में शामिल गढ़वाल परिवार व गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर। ● फोटोन न्यूज

निवास राम टेकरी रोड़ से निकली। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई। मेन रोड़ बाबा कुटी शिव हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कलश यात्रा आगे बढ़ी जो चौक बाजार, एमई स्कूल रोड़ होते हुए स्वयंवर उत्सव गृह राजस्थान शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई।

कथा के प्रथम दिवस में महात्म्य कथा करते हुए व्यास पीठ से महाराजश्री ने बताया कि प्रभु की कथा जब और जिसे भी मिलती है, किसी कारण से नहीं अपितु प्रभु करुणा के फलस्वरूप ही मिलती है। बड़े सौभाग्यशाली हैं आप सभी जमशेदपुर व अन्य स्थानों से पधारे प्रभु कथा प्रेमी जन जो यह प्रभु कथा की गंगा स्वयं चलकर आपके पास तक आई है। महाराजश्री ने आगे बताया कि सनातन धर्म ही समाधान का धर्म भी है। यहाँ जब भी कोई किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है अथवा तो द्वंद की स्थिति में आ जाता है तो हमारे ग्रंथों के आश्रय में आकर पूर्ण समाधान को प्राप्त करता है। भगवान वेद व्यास जी जैसे महामनीषियों को भी जब संशय घेर लेता है तब श्रीमद्भागवत जैसे महापुराण का जन्म होकर अनंतानंत जीवों के संशयों की निवृत्ति होती है और जीवन आनंदमय बन जाता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

इनकी रही उपस्थितिः- प्रथम दिन सुबह कलश यात्रा एवं शाम को भागवत कथा में प्रमुख रूप से मालीराम गढ़वाल, घनश्याम दास गढ़वाल, राजेश गढ़वाल, दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, छीतरमल धुत, ओमप्रकाश गढ़वाल, सत्यनारायण अग्रवाल, महेश गढ़वाल, संजय अग्रवाल, बासु गढ़वाल, लिप्पु शर्मा, उमेश खीरवाल, गणेश अग्रवाल, राकेश गढ़वाल, लोचन मेंगोतिया, नारायण, वासुदेव, संजय, पवन, सोनु सहित बड़ी संख्या में पधारकर प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा महाराजश्री के श्रीमुख से निष्ठा एवं भाव पूर्वक प्रभु कथा का रसपान किया गया।

# चीतों की चिंता

भारतीय जंगलों में चीता को फिर बसाने का अभियान जितना कठिन है, उतना ही आवश्यक भी है। यह पशुओं के प्रति निरंतर संवेदनशील होते एक राष्ट्र की ओर से किया जा रहा भूल सुधार का प्रयास भी है। जहां एक ओर एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो इस प्रयास को अब दुखद मानते हैं, वहीं जो लोग इस प्रयास को सुखद बनाने में जुटे हैं, उनकी मेहनत पर भी सबको गौर करना चाहिए। 17 सितंबर, 2022 को चीते भारत लाए गए थे और उसके बाद से आठ चीतों की मौत हो चुकी है। जान गंवाने वाले चीतों में पांच बडे. चीते थे, जो आयात किए गए थे और तीन शिशु थे, जो यहीं कुनो, भारत में जन्मे थे। आठवें चीते की मौत के बाद कुछ ज्यादा आलोचना हुई, तो अब सरकार की ओर से सफाई आई है कि चीतों की मौत का कारण उनकी गर्दन पर बंधा रेडियो कॉलर से हुआ संक्रमण नहीं है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने कहा है कि सभी मौतें प्राकृतिक कारणों से हुई हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय ने अफ्रीका के अनुभवों का भी हवाला दिया है, वहां भी पहले चीतों को बसाने की कोशिश में शुरूआती चरण में 50 प्रतिशत मौतें देखी गई थीं। चीता अभियान को संभाल रही सर्वोच्च संस्था, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को पूरा भरोसा है कि भारत में फिर चीतों को बसाने का अभियान सफल होगा। अभी अभियान को शुरू हुए साल भर भी नहीं बीता है, तो अभी से इस अभियान को नाकाम करार देने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीतों को लेकर कई अफवाहों और अटकलों का आलम है। कई नस्ल के चीते एक समय भारत में मौजूद थे, अतः यह कहना सही नहीं है कि भारत में चीतों के अनुकूल माहौल नहीं है। हां, चीते स्वभाव से नाजुक या संवेदनशील होते हैं और उन्हें अपने मूल देश या परिवेश का अभाव महसूस हो सकता है, पर यह भी तथ्य है कि अभी भी 11 चीते आठ-दस महीने से भारतीय जंगलों में खुले में रह रहे हैं। पांच चीतों को, जिनमें एक शिशु भी शामिल है, क्वारंटीन में रखा गया है। चीता संरक्षण से जुड़े लोगों का मानना है कि यह एक दीर्घकालिक योजना है, अतः इंतजार करना चाहिए। इसमें शक नहीं कि चीतों को प्राकृतिक रूप से बचाने की कोशिश हो रही है। उन्हें किसी बाडे. में रखकर दिन-रात की देखभाल से बचाने की कोशिश भी हो सकती है, जैसा कुछ के साथ किया जा रहा है, लेकिन अभियान की सफलता तभी है, जब कुनो में चीते स्वाभाविक रूप से वंशवृद्धि करने लगें। भारतीय विशेषज्ञ लगातार अंतरराष्ट्रीय चीता विशेषज्ञों, दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के पशु चिकित्सकों के साथ संपर्क में हैं। चीता पोषण की तमाम सावधानियों को आजमाया जा रहा है। किसी को दोष देना आज के समय में आसान काम है, लेकिन जरूरत समझदारी की है। इस देश में 70 साल पहले हजारों चीतों को बेरहमी से मारकर खत्म कर दिया गया, काश! हम तब संवेदनशील रहे होते। अच्छी बात है कि हमारी संवेदना आज जागी है, आज हमारे लिए एक-एक चीता जीवन मूल्यवान हो गया है।

# नशे के खिलाफ लड़ाई

मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत देश के विभिन्न शहरों में 1.40 लाख किलोग्राम ड्रग्स नष्ट किया जाना एक ओर जहां नशे के सौदागरों को यह संदेश है कि उनके अवैध कारोबार को खत्म किया जाएगा, वहीं सरकार की इस प्रतिबद्धता का परिचायक भी कि वह अपने नशा उन्मूलन अभियान को लेकर दृढ़ है। गत दिवस जो नशीले पदार्थ नष्ट किए गए, उनकी कीमत करीब 2,381 करोड़ रुपये है। नशीले पदार्थों को नष्ट करने का अभियान एक अर्से से जारी है और पिछले वर्ष लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स नष्ट की गई थी। इस सबके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जो नशीले पदार्थ जब्त और नष्ट किए जा रहे हैं, उनकी मात्रा उससे कहीं कम है, जो भारत में विभिन्न स्रोतों से लाए जा रहे हैं। यह सही है कि हाल के समय में तस्करी के जरिये लाए गए नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद की गई हैं और इन पदार्थों का कारोबार करने वालों की गिरफ्तारियां भी की गई हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि जो तत्व भारत में नशीले पदार्थ भेज रहे हैं, उनके हौसले पूरी तौर पर पस्त हुए हैं। स्पष्ट है कि ऐसे उपाय करने की आवश्यकता है, जिससे भारत में नशीले पदार्थ आ ही न सकें। इसके लिए सीमाओं पर चौकसी बढ़ानी होगी और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा भी कसना होगा। ऐसे तत्व देश के भीतर भी सक्रिय हैं और बाहर भी। वैसे तो नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में सबसे अधिक पाकिस्तान से सावधान रहने की आवश्यकता है, लेकिन तथ्य यह भी है कि पूर्वोत्तर की सीमाओं से भी मादक पदार्थ देश के भीतर लाए जा रहे हैं। ड्रग्स तस्करों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया है कि वे बंदरगाहों के जरिये भी ड्रग्स ला रहे हैं। इस सच से सभी को परिचित होना चाहिए कि नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले केवल युवाओं को नशे का लती बनाकर उनके और साथ ही देश के भविष्य को ही चौपट नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस काले कारोबार से अर्जित धन का इस्तेमाल तमाम तरह की देश विरोधी गतिविधियों को संचालित करने और संगठित अपराध के साथ-साथ आतंकवाद को खाद-पानी देने के लिए भी कर रहे हैं। साफ है कि समाज और विशेष रूप से युवाओं को इसके लिए जागरूक करने की आवश्यकता है कि नशे की उनकी आदत उनके जीवन को नष्ट करने के साथ देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बनती है।

# पंचायत चुनाव प्रबंधन, 'दीदी! जरा सीखें योगी से'

ANALYSIS



✍ आर.के. सिन्हा

**देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों की संस्कृति, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के कुछ वर्षों में यहां कुछ ज्यादा ही फली-फूली है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के दौरान खूब खूनखराबा हुआ जिसमें तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि दीदी यानी ममता बनर्जी की सरकार सत्ता की हनक को बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। लेकिन, ममता बनर्जी भूल जाती हैं कि कोई भी सरकार कल्याणकारी राज्य के तौर पर काम करती है और कानून का राज उसकी एक अहम शर्त होती है। आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गए। निश्चित रूप से खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जीत के जश्न में कहीं खो जाएंगी।**

उत्तर प्रदेश में मई महीने में पंचायत चुनाव हुए और पश्चिम बंगाल में इसी जुलाई में। दोनों ही देश के आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से खास राज्य हैं। पर पंचायत चुनाव के दौरान जहां यूपी में पूर्ण शांति रही, वहीं पश्चिम बंगाल ने हिंसा, आगजनी और निर्मम हत्याएं होती देखीं। राजनीतिक एकाधिकार के लिए पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की संस्कृति अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक विद्रूप रूप धारण कर गई है। देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों की संस्कृति, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के कुछ वर्षों में यहां कुछ ज्यादा ही फली-फूली है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के दौरान खूब खूनखराबा हुआ जिसमें तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि दीदी यानी ममता बनर्जी की सरकार सत्ता की हनक को बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। लेकिन, ममता बनर्जी भूल जाती हैं कि कोई भी सरकार कल्याणकारी राज्य के तौर पर काम करती है और कानून का राज उसकी एक अहम शर्त होती है। आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गए। निश्चित रूप से खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जीत के जश्न में कहीं खो जाएंगी, क्योंकि; यह सब बंगाल की नियति से जुड़ गई हैं। शायद इसीलिए आम लोगों के बीच उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव की चर्चा जोर



पकड़ने लगी है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में हुए पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुए थे। इसलिए कहने वाले कह रहे हैं कि ममता बनर्जी को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चुनाव प्रबंधन सीखना चाहिए। पुराना इतिहास चुनावी हिंसा काः दरअसल पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन, अगर हम आजादी के बाद की बात करें तो 1960 के दशक के अंत में पश्चिम बंगाल की राजनीति में वाम मोर्चा एक ताकतवर दल के रूप में उभरा, जिसके कारण राजनीतिक हिंसा की संस्कृति स्थापित हुई। वाम मोर्चे ने जैसे-जैसे कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना शुरू किया, दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें रोजमर्रा की घटनाएं बन गईं। 17 मार्च 1970 को पूर्व बर्धमान जिले में हुए सैनबाड़ी नरसंहार, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या की गई और 27 फरवरी 1971 को कोलकाता में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के अध्यक्ष हेमंत बसु की हत्या से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। इन घटनाओं ने राजनीतिक सत्ता को बरकरार रखने के लिए बंदूक संस्कृति की नींव रखी। 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थी। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख भी है कि साल 2010 से 2019 के बीच पश्चिम बंगाल में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और पश्चिम बंगाल इस मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा। इससे पहले 2003 के पंचायत चुनाव की बात करें तो तब करीब 80 मौतें हुईं थीं। 2008 में 45 मौतें। ताजा चुनाव में 36 लोगों की मौत की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। सरकार हमेशा मौतों की संख्या कम करके बताती रहती है। वास्तविकता में कहीं ज्यादा मौतें होती हैं। यूपी क्यों बन गया है नजीरः निश्चित रूप से जब एक तरफ जहां ममता बनर्जी के शासनकाल में उनका राज्य में अराजकता बढ़ रही है और चुनावी हिंसा में कई दर्जन लोगों ही हत्या हो जाती है तो ऐसे में योगी आदित्यनाथ का यूपी देश के लिए नजीर तो बन ही गया है। देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद यहां 2019 के लोकसभा चुनाव से लेकर हाल में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव तक में एक भी सीट पर हिंसा नहीं हुई, लोगों के मारे जाने की खबर तो बहुत दूर की बात है। शांतिपूर्ण चुनाव और बड़े आयोजनों से योगी के चुनाव प्रबंधन की गूंज देश के हर कोने तक पहुंची है। पंचायत चुनाव के दौरान तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हो चुकी हैं लेकिन ममता बनर्जी की सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों पर मतपेटी लेकर भागने व जलाने का भी आरोप है। बैलेट पेपर पानी में तैरते मिले तो पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी गई। हिंसा प्रदेश बने बंगाल में खुलेआम गोलीबारी और बमबारी से पूरा देश शर्मसार है। इसके उलट उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां लोकसभा की 80, विधानसभा की 403 सीटें हैं। पिछले मई महीने में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में मेयर की 17, निगम पार्षद की 1420, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की 199, सदस्य की 5327, नगर पंचायत अध्यक्ष की 544 और सदस्य की 7177 सीटों पर चुनाव हुए, लेकिन एक भी सीट पर हिंसा की मामूली घटना भी सुनने को नहीं मिली। हर सीट पर शांतिपूर्ण चुनाव हुए क्योंकि यूपी के पास योगी जैसा मुख्यमंत्री है जो जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हैं। याद करें तो 2017 के पहले यूपी का हाल भी बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने पुलिसकर्मी को खुली छूट दे दी कि कहीं भी कानून से खिलवाड़ हो तो आप किसी आदेश का इंतजार न करें, सीधे कानून बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटें। पुलिस को योगी की मिली यह छूट काफी कारगर रही और यूपी शांतप्रिय प्रदेश हो गया। यहां कानून का राज स्थापित हो गया। नतीजा इस रूप में भी सामने आने लगा कि यूपी से नजरें फेरने वाले उद्योगपति भी यहां उद्योग लगाने को बेताब हो गए। कानून का राज स्थापित होने का ही नतीजा है कि यूपी को हाल के दौर में 36 लाख करोड़ के निवेश हासिल हुए। जाहिर सी बात है इससे रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे और करोड़ों युवाओं के हाथों को काम मिलेगा। बहरहाल, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की चुनावी संस्कृति जहां शांति व सौहार्द के रंगों से रंगी है वहीं ममता बनर्जी की लचर कार्यप्रणाली की वजह से बंगाल के चुनावों में खूनी खेल आम बात हो गई है। 25 करोड़ उत्तर प्रदेशवासी जहां चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव के तौर पर मनाती है वहीं लगभग 10 करोड़ आबादी वाले पश्चिम बंगाल में हिंसा का तांडव मचा हुआ है। ऐसे में लहूलुहान बंगाल के लिए योगी का शांतिप्रिय यूपी नजीर है। कहने में कोई गुरेज नहीं कि ममता बनर्जी को वायलेंस पसंद है तो योगी को साइलेंस।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# भारतीय वेद और विश्व शांति की प्रार्थना

भारत अव्याख्येय है। राष्ट्र रूप में भारत की व्याख्या कठिन है। यह सामान्य राष्ट्र राज्य नहीं है। भूमि का साधारण खण्ड नहीं है। सामान्य इतिहास या भूगोल नहीं है। इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है। हम सब के अंतस का छंदस है भारत। भारत और भारतीय संस्कृति विश्व के विद्वानों के लिए शोध का विषय रहे हैं। ऋग्वेद में एक सुंदर मंत्र में भारत बोध की झांकी है, 'हे सोम देव जहां सदा नीरा नदियां बहती हैं। प्रचुर अन्न होता है। कृषि धन धान्य देती है। जहां मुद, मोद, प्रमोद विस्तृत हैं। हम उसी भूखंड में आनंदित रहना चाहते हैं।' संविधान की उद्देशिका 'हम भारत के लोग' वाक्य से प्रारम्भ होती है। उद्देशिका के 4 शब्द महत्वपूर्ण है। हम भारत के लोगों की राष्ट्रीय संरचना का आधार जाति, पंथ, मत, मजहब नहीं है। ऐसा होता तो संविधान निमार्ता उद्देशिका में दर्ज करते कि, 'हम भारत के अगड़े, पिछड़े जाति और पंथ से जुड़े लोग संविधान बनाते हैं।' वैदिक काल की सबसे छोटी, सुसंगठित और प्रीतिपूर्ण इकाई परिवार है। गण कई परिवारों से मिलकर बने समूह हैं। गण महत्वपूर्ण है। सभी गणों में परस्पर सम्बंध थे। राष्ट्रगान में जन के साथ गण हैं। गण नाम के इस छोटे से समूह नेता गणपति कहा जाता था। जैसे गण का नेता गणपति होता था वैसे ही गण का आराध्य देवता गणेश। गणेश गण और ईश से मिलकर बना शब्द है। बृहस्पति के लिए ऋग्वेद में स्तुति है - गणानां त्वा गणपतिं - आप विद्वान हैं। गणपति हैं। गण परस्पर प्रीति और प्यार में साधनारत एक सामूहिक इकाई थी। वैदिक इतिहास में अनेक गण हैं। देवताओं के समूह भी गण हैं। जैसे मरुदगण, रूद्रगण आदि। सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से गण टूट कर जन नाम की बड़ी इकाई में बदल गए। तब अनेक जन थे। लेकिन पांच जनों की चर्चा ज्यादा है। ये पंचजन अनु, द्रुह्यु , यदु, तुर्वश और पुरु थे। सरस्वती वैदिक काल की प्रसिद्ध नदी हैं। उनसे स्तुति है कि आप पांच जनों को समृद्धि देती हैं। जन गण से बड़े जनसमूह थे। इनका उल्लेख वैदिक साहित्य में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति उदात्त और विश्ववरेण्य है। इस संस्कृति के प्रति दुनिया के तमाम देशों का आदर भाव रहा है और आज भी है। वैदिक ऋषियों का संकल्प ध्यान देने योग्य है। कहते हैं, 'कृण्वंतों विश्वं आर्यं - हम विश्व को आर्य बनाना चाहते हैं। हम किसी भी राष्ट्र राज्य पर आक्रमण के इच्छुक नहीं हैं।' भरतीय इतिहास में किसी दूसरे देश को जीतने की इच्छा नहीं मिलती। हाल ही में विश्व मुस्लिम लीग के प्रमुख मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल ईसा भारत आए थे। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अल ईसा ने भारत के ज्ञान और संविधान की प्रशंसा की है। विश्व मुस्लिम लीग दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम संगठनों में गिना जाता है। इसके प्रमुख अल ईसा ने भारत को शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल ईसा से भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों के आदान प्रदान की बातें कीं। उन्होंने अल ईसा के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने व वैश्विक शांति को बढ़ावा देने पर बातचीत की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की चर्चा होती है। होनी भी चाहिए। तमाम कारणों से विश्व तनाव में है। इसका एक कारण मजहबी कट्टरपंथ भी है। पंथिक मजहबी समूहों का सहअस्तित्व बड़ा कठिन होता है। गांधी जी स्वाधीनता के पहले से ही हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा स्थापित करने के लिए सक्रिय थे। बहुसंख्यक समाज के सामने सहअस्तित्व को लेकर कोई कठिनाई नहीं थी। लेकिन कट्टरपंथी मजहबी तत्वों को सहअस्तित्व की यह धारणा अच्छी नहीं लगी। गांधी जी ने स्वीकार किया कि हिन्दू-मुस्लिम एकता व सहअस्तित्व के प्रश्न पर उन्होंने हार मान ली है। अल ईसा ने सारी दुनिया से अपील की कि शांति के सम्बंध में भारत से सीखना चाहिए। उनका वक्तव्य आदर योग्य है। भारतीय ज्ञान ने दुनिया को प्रभावित किया है। विश्व शांति और लोकमंगल भारतीय राष्ट्र राज्य के ध्येय रहे हैं। भारतीय समाज में गजब की विविधता है। अनेक जातियां हैं। अनेक विश्वास हैं। विविधता स्वाभाविक है। लेकिन तमाम विविधताओं के बावजूद भारत में सभी विचारधाराओं और विश्वासों का सहअस्तित्व रहा है। सभी विचारधाराओं के बीच संवाद रहा है। आज भी है। भारतीय समाज के चिंतकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है और यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, 'अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। शांति भी शांत हों।' यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक। अल ईसा ने संवाद शांति और भाईचारा के लिए भारत की प्रशंसा उचित ही की है। जन गण का सामूहिक मन स्वाभाविक होता है। वह सामूहिक होकर ही समाज को आनंद देता है। मन चंचल होता है। मन की गलती को मनमानी कहते हैं। वैदिक पूर्वज मन की चंचलता को लेकर सजग थे। यजुर्वेद में मन को प्रशांत और लोक कल्याण से जोड़ने सम्बंधी 6 मंत्र एक साथ आए हैं। इसे शिव संकल्प सूक्त कहते हैं।

# Social Media Corner

**सच के हक में...**



यह बेहद खुशी की बात है कि पूरे भारत से हमारे मूल्यवान एनडीए साझेदार आज दिल्ली में बैठक में भाग लेंगे। हमारा एक समय-परीक्षणित गठबंधन है जो राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



यह एक सर्वविदित तथ्य है कि जमीन से जुड़ी मस्जिदों में हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी रहती है और प्रशासन एवं न्याय-पालिका के मामलों में बहुत अधिक समय लगता है। इस संदर्भ में डिजिटलीकरण और सूचना संपर्क स्थापित करने से पहले हमारे देश के लोगों और आपदाओं की जो ऊर्जा विवाद खाप में है वह शिक्षण संस्थान में है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



भारत की जनता को भारत नहीं, भारत को दशार्ता है। जनता जनार्दन सबकी जिम्मेदारी है। भारत संयुक्त राष्ट्र का गठबंधन है, जहां परिवार और वंशवाद राष्ट्रवाद से बड़ा है। भाजपा परिवार भारत यानि भारत के साथ खड़ा है। जहां राष्ट्र प्रथम है। जय भारत।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# तिब्बत पर भारत भी अपनी चुप्पी तोड़े

दुनिया के किसी भी मंच पर तिब्बत या दलाई लामा का नाम आते ही चीन की सरकार और उसके नेता आपा खोने लगते हैं। चीनियों की इस बौखलाहट से वही सच्चाई बेनकाब होती है कि तिब्बत को लेकर उसके मन में बहुत बड़ा चोर बैठा है। इस कारण चीनी सरकार किसी अपराधबोध के तले खुद को नैतिकता के धरातल पर बहुत असहाय पाती है। इसका एक उदाहरण हाल में देखने को मिला। भारत यात्रा पर आईं अमेरिकी अवर सचिव और तिब्बती मामलों पर अमेरिकी सरकार की विशेष प्रतिनिधि उजरा जेया और भारत में अमेरिकी राजदूत की दलाई लामा के साथ भेंट पर चीन सरकार ने जैसी तल्ख एवं आक्रामक टिप्पणी की, वह इस सामान्य घटना के अनुपात में बहुत असामान्य और चौंकाने वाली थी। चीनी दूतावास ने इस भेंट पर त्वरित प्रतिक्रिया में इसे अमेरिकी प्रतिनिधि की एक चीन विरोधी ह्यआक्रामक कार्रवाईह्ल और अमेरिका द्वारा चीन के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप बताया। चीनी प्रवक्ता ने अमेरिकी सरकार को लगभग धमकाते हुए अंदाज में कहा कि अमेरिका अपने इस आश्वासन का सम्मान करे कि तिब्बत चीन का हिस्सा है और उसे चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की हरकतें बंद करके चीन विरोधी अलगाववादी शक्तियों को समर्थन देना बंद करना चाहिए। चीन की इस आक्रामक प्रतिक्रिया का एक और रोचक पहलू यह रहा कि इस बार चीनी दूतावास ने अपने बयान में ह्यतिब्बतह्ल के बजाय उसके लिए चीनी नाम ह्यशीजांगह्ल का उपयोग किया। यह चीन सरकार की उस नई रणनीति को दशार्ता है जिसके तहत चीन अंतरराष्ट्रीय विमर्श से ह्यतिब्बतह्ल शब्द के अस्तित्व को ही खत्म करने पर आमादा है। अब तिब्बत पर चीन की सरकारी प्रतिक्रियाओं में ह्यतिब्बतह्ल के बजाय चीनी नाम ह्यशीजांगह्ल का इस्तेमाल ठीक उसी प्रकार किया जाने लगा है, जैसा चीन ने 1949 में पूर्वी तुर्किस्तान पर कब्जा जमाने के बाद उसके लिए चीनी नाम शिनजियांग का इस्तेमाल करके किया था। चीन की उस नीति का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे विश्व समुदाय यह भूल चुका है कि 1949 से पहले पूर्वी तुर्किस्तान एक स्वतंत्र देश था, जिस पर माओ की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने जबरन कब्जा कर लिया था। इसके एक साल बाद ही चीन ने विश्व समुदाय के देखते-देखते एक स्वतंत्र पड़ोसी देश तिब्बत पर भी कब्जा जमा लिया था। उजरा जेया और दलाई लामा की ताजा भेंट पर चीन की तीखी प्रतिक्रिया को अगर पिछले कुछ वर्षों की अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के संदर्भ में देखा जाए तो मामला समझना आसान हो जाता है। चीन के रास्ते अरबों डालर कमाने को लालायित अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों और चीन समर्थक लाबी गुटों के दबाव में आकर पिछली कई अमेरिकी सरकारें अपने तिब्बत-प्रेम को भुलाकर बीजिंग की मिजाजपुर्सी वाले बयान देती रहीं। इस बीच पश्चिमी पूंजी और व्यापार के बूते चीन के आर्थिक एवं सामरिक रूप से ताकतवर होने के बाद अमेरिका-चीन ह्यहनीमूनह्ल समाप्त होने पर अब अमेरिकी सरकारों को चीन के मुकाबले अपनी कमजोरी का अहसास होने लगा है। लिहाजा, अब अमेरिका की नई रणनीति चीन की ऐसी हर कमजोरी को अपने हित में साधने पर टिकी है जिसका इस्तेमाल करके वह चीन के मुकाबले अपना अंतरराष्ट्रीय वर्चस्व कायम रख सके। चीनी आक्रामकता से पीड़ित भारत, ताइवान, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नए सामरिक और आर्थिक गठजोड़ बनाने की अमेरिकी पहल भी इसी रणनीति का हिस्सा है। दक्षिण चीन सागर और आसियान देशों में चीनी आतंक ने भी भारत जैसे देशों के लिए अनुकूल स्थिति उत्पन्न की है। अपनी नई रणनीति के तहत अमेरिका ने पिछले कुछ वर्षों में तिब्बत और पूर्वी-तुर्किस्तान पर कुछ नए कानून बनाए हैं, जिनके तहत वह चीन के औपनिवेशिक कब्जे में फंसे इन देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय माहौल बनाने में जुटा हुआ है।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



इस राज्य को न जाने क्या हो गया है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब पुलिस पर हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जिस राज्य में डीएसपी और दरोगा पर गोली चल जाती हो वहां सुरक्षित कौन होगा। आपराधिक घटनाओं के मामले में वैसे भी राज्य की स्थिति बदतर होती जा रही है। हाल के दिनों में दो दिन के अंतर पर सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। दोनों ही बार नाबालिग लड़कियां सामूहिक दुष्कर्म जैसे जघन्य घटना की शिकार हुईं। इसमें भी चौंकानेवाली बात यह है कि दुष्कर्म करने वाले कोई शातिर अपराधी नहीं बल्कि लड़कियों के साथी ही थे जिनके साथ ये पार्टी करने, घूमने गई थीं। उनके साथ जाते समय उनके दिमाग में यह बात कहीं से नहीं रही होगी कि जिसके साथ वे जा रही हैं, वे ही उनकी इज्जत को तार-तार कर डालेंगे। इतना जरूर हुआ कि पुलिस ने तुरत सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल कुछ आरोपियों को पकड़ लिया। दूसरी ओर शातिर आपराधिक गिरोह आम जनता के साथ-साथ पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इसका ताजा उदाहरण है पतरातू में अपराधियों की गोली से डीएसपी और इंस्पेक्टर का घायल होना। यह घटना बताती है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं। जरा सोचिए, अगर अपराधियों में पुलिस का डर ही नहीं रहेगा तो क्या स्थिति हो सकती है। आम लोगों का क्या होगा। वे किससे सुरक्षा की उम्मीद करेंगे। क्या अपराधी तत्व के सामने वे हिम्मत दिखा सकेंगे। ऐसे में यह जरूरी है कि अपराधियों के हौसले पस्त किए जाएं। फिर वे कभी पुलिस पर हमला करने की नहीं सोचें। उनके मन में पुलिस का खौफ जरूर होना चाहिए। इसके लिए पुलिसिंग को काफी अधिक सक्रिय और मजबूत करना होगा।

**मोहम्मद मजीद अंसारी, समाजसेवी कांके।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

THE PHOTON NEWS

07 www.thephotonnews.com

Wednesday, 19 July 2023

BRIEF NEWS

### इंटीग्रेशन फोरम के संस्थापक कवि ज्ञास अंजुम का निधन, जताया गया शोक



**ROURKELA :** शहर में अमन चैन के लिए गठित संगठन इंटीग्रेशन फोरम राउरकेला के संस्थापक सदस्य व जाने माने कवि ज्ञास अंजुम के निधन हो गया। इनके निधन पर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल होकर उन्हें याद किया। राउरकेला में संप्रदायिक सद्भावना के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार निर्मल सिंह, सचिव बलदेव सिंह, पूर्व सचिव जगदेव सिंह की देखरेख में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जोनल डीएसपी अनिल प्रधान ने इंटीग्रेशन फोरम के महत्व पर प्रकाश डाला। ज्ञास अंजुम के पदचिन्हों का अनुसरण करने का अनुरोध किया। प्लांट साइट थाना अधिकारी ज्योतिरंजन पति ने उन्हें याद किया। फोरम के सदस्य सुनाकर नायक, देवव्रत बिहारी, बादल श्रीचंदन, मो. सहाबुद्दीन, मो. सलाम, निहार राय, सुदाम दास, सत्यानंद महंती, गिरजा शंकर द्विवेदी ने भी ज्ञास अंजुम के निधन को शहर के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम में ज्ञास अंजुम के पुत्र मो. साकिव, निहार राय, अफरोज अहमद, अब्दुल रब, मो. समशेर, मो. सज्जू, गुड्डू सुनार ने भी अपने विचार रखे। सर्व धर्म सर्व समाज समभाव पर जोर दिया। गुरुद्वारा के उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह, मंजीत सिंह, मनिंदर सिंह, हेरदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए।

### मोहम्मद रफी को दी गई श्रद्धांजलि




**ROURKELA :** संगीत तरंग म्यूजिक क्लब ने मंगलवार को राउरकेला क्लब में संगीत संध्या में बॉलीवुड गायक मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील कयाल, संगीत तरंग के अध्यक्ष विनोद महंत, आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक और चार्टर्ड अकाउंटेंट बीडी शिवहरे और जेपी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रबीर कुमार राय अतिथि थे। इस दौरान कलाकारों, अतिथियों और दर्शकों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कलाकारों ने मो रफी के एक से बढ़कर एक गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन फिरोज ने किया।

### हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा



**CHAIBASA :** पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपी पति को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना अंतर्गत कुण्डियाघर टोला तिरिलपी गांव निवासी सोबन कुलूवा ने 29 अगस्त 2019 को शाम करीब 07:00 बजे अपनी पत्नी जयमति कुलूवा को किसी बात को लेकर डंडा से मार पीट किया जिससे जसमति कुलूवा की मौत हो गई थी। बाद में पुलिस ने मामले की अनुसंधान के कर अभियुक्त सोबन कुलूवा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। बाद में पुलिस ने सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया, जिसके आधार पर न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय दोषी करार देते हुए अभियुक्त सोबन कुवा को आजीवन कारावास तथा 10,000/- रुपए जुमार्ना की सजा दी गई है।

# नग्न हालत में मिला युवती का शव दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर प्रखंड के चिड़िया ओपी अंतर्गत अंकुआ गांव के समीप मुख्य सड़क किनारे एस्पायर संस्था में काम करने वाली एक युवती का शव नग्न अवस्था में बरामद होने से सनसनी फैल गई। उसके कपड़े पास ही पड़े थे। मंगलवार की सुबह शव को ग्रामीणों ने देखा इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। युवती की पहचान मनोहरपुर प्रखंड अन्तर्गत रायकेरा पंचायत के तिरला गांव निवासी अमिता तिर्की के रूप में हुई है। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है।

एस्पायर संस्था के पदाधिकारी राजेश लागुरी ने बताया कि सोमवार को छोटानागरा थाना अंतर्गत चुर्गी गांव स्थित स्कूल में एस्पायर की तरफ से बच्चों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उसी कार्यक्रम में भाग लेने युवती अन्य सहेलियों के साथ गई थी। इसी बीच युवती लापता हो गई। परिजन व उसके साथी रात भर उसकी तलाश करते रहे। गुवा, किरिबुरू, चिड़िया, मनोहरपुर अस्पताल से भी संपर्क किया गया परंतु किसी ने भी युवती के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद सलाई, दोदारी आदि गांव के लोगों से रात में ही सम्पर्क कर जानकारी ली गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

मंगलवार सुबह एस्पायर कार्यकर्ताओं ने शव को सड़क किनारे नाली के पास पाया। इधर, युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## युवती के साथ दो युवकों ने की थी मारपीट

सूत्रों की माने तो आयोजित्त कार्यक्रम के दौरान किसी से किसी बात पर अनबन होने के बाद युवती अकेले ही पैदल निकल गई थी। इधर, मामले में कुछ तथ्य सामने आये हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार युवती 17 जुलाई को दोपहर छोटानागरा के चुर्गी विद्यालय से बच्चों की परीक्षा लेकर अकेले पैदल ही मनोहरपुर की तरफ निकली थी। चुर्गी गांव से कुछ दूरी पर स्थित मम्मार गांव में एक ग्रामीण के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी तस्वीर कैद हुई है। तस्वीर में वह दोपहर लगभग 12 बजे मुख्य सड़क से पैदल अंकुआ की तरफ जाते दिख रही है। इसी दौरान अंकुआ गांव से कुछ पहले उक्त युवती के साथ दो युवकों को झगड़ा व मारपीट करते कुछ लोगों ने देखा था। संभावना है कि डेढ़ बजे के बाद ही दोनों युवकों द्वारा बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गई होगी। हालांकि मामले की पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

## हाथी के हमले में महिला की मौत वन विभाग ने लोगों को सतर्क किया



हाथी के हमले से मृत महिला। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के नुआगांव ब्लॉक में हाथी के हमले में एक और मौत हुई है। मंगलवार को शौच के लिए जा रही एक महिला की हाथी के हमले से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

नुआगांव प्रखंड के पंचायत निवासी सुमन गुड़िया मंगलवार की सुबह अपने घर से कुछ दूरी पर शौच करने गयी थी। इसी दौरान एक हाथी ने उस पर हमला कर दिया। सुमन को एक हाथी ने उठाकर पटक दिया और झारखंड के जंगल में फेंक दिया। सूचना के बाद विरमित्रपुर और झारखंड वन विभाग के अधिकारी सुबह घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वन अधिकारियों ने बताया कि लोगों को हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

## कलम बंद हड़ताल पर गए राज्य आवास कर्मी संघ ने हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राज्य आवास कर्मी संघ के तीन दिवसीय कलम बंद हड़ताल के आह्वान पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा जिला में कार्यरत सभी कर्मियों के द्वारा कलम बंद हड़ताल के दूसरे दिन भी सक्रिय भागीदारी करते हुए मृतक मोहम्मद सिराज प्रखंड समन्वयक भवनाथपुर जिला गढ़वा के हत्यारे की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने के कारण आवास कर्मियों में रोष है हत्यारे की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई है कि मोहम्मद सिराज के हत्यारे की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हो जिसके लिए भवदीय के स्तर से पुलिस महानिदेशक सहित संबंधित वरीय पदाधिकारियों को संसूचित करने की महती कृपा की जाए।




कलम बंद हड़ताल में शामिल राज्य आवास कर्मी संघ के लोग। ● फोटोन न्यूज

पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवास कर्मी पश्चिमी सिंहभूम के सभी कर्मियों से पूछा गया कि हमारे जिले में भी किसी को कोई दिक्कत या परेशानी है क्या इस पर आवास कर्मियों ने कहा कि वर्तमान में तो नहीं लेकिन उक्त घटना जो भवनाथपुर जिला गढ़वा में घटित हुआ है उससे एक भय का माहौल है पुलिस अधीक्षक के द्वारा समझाते हुए कहा गया कि आप निर्भीक होकर अपना काम करें और किसी भी तरह की समस्या हो तो आप मुझे सूचित करें।

आज के इस कलम बंद हड़ताल में अध्यक्ष आवास कर्मी संघ पश्चिम सिंहभूम चाइबासा इंद्रजीत कुजुर सचिव शीतल बागे, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा जिला समन्वयक सरफराज आलम और सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं लेखापाल उपस्थित थे।

## लापता महिला पोस्टमास्टर का शव बरामद चाकू मारकर हत्या किये जाने की आशंका

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** दो दिनों से लापता महिला पोस्टमास्टर का शव मंगलवार सुबह बरामद किया गया। ऐसा लग रहा है कि किसी ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी है। महिला पोस्टमास्टर की पीठ में चाकू फंसा हुआ है। पुलिस वैज्ञानिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। सुंदरगढ़ जिले के तेलेंडीही डाकघर की महिला पोस्टमास्टर 24 वर्षीय स्निग्धा प्रधान रविवार शाम से लापता थीं। आज सुबह उनका शव लेफ्रिपाड़ा थाना बेलसरियापाड़ा के पास जंगल में मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने पत्थर



मृत पड़ी महिला पोस्टमास्टर। ● फोटोन न्यूज

मारकर हत्या करने के बाद चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। युवती के लापता होने की सूचना उसके परिवार ने कल पुलिस स्टेशन में दी थी।मृत युवती का घर हेमगिरी थाना टिकलीपाड़ा है।चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील कयाल, संगीत तरंग के अध्यक्ष विनोद महंत, आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक और चार्टर्ड अकाउंटेंट बीडी शिवहरे और जेपी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रबीर कुमार राय अतिथि थे।

## लाइसेंस बनाने की जटिल प्रक्रिया को कम कर सरल बनाएं : सुनील कयाल

**PHOTON NEWS ROURKELA :** चैंबर आफ कॉमर्स, राउरकेला के अध्यक्ष सुनील कयाल के नेतृत्व सदस्यों ने मंगलवार को आरटीओ पदाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान कमीशन एजेंटों की तरह छोटे व्यवसाय कर रहे उद्यमियों को उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र देखकर उन्हें ट्रांसपोर्ट लाइसेंस जारी करने की बात रखी।

इसी मामले को लेकर चैंबर के सचिव जसविंदर सिंह द्वारा में चैंबर भवन में ट्रांसपोर्ट सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अध्यक्ष



आरटीओ पदाधिकारी से मुलाकात करते चैंबर के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

सुनील कयाल ने इस मुद्दे को आरटीओ के सामने ट्रांसपोर्ट व्यापार कर रहे चैंबर सदस्यों के साथ गंभीरता से रखा। छोटे मोटे स्तर पर ट्रांसपोर्ट व्यापार कर रहे उद्यमियों को विभाग की ओर से लाइसेंस के कठिन नियम कानूनों से गुजरना पड़ रहा है। व्यवसायियों को पहचान पत्र, पैन कार्ड, ऑडिट बैलेंस, दो व्यवसायिक वाहनों के अपने नाम रजिस्ट्रेशन, निवास प्रमाण पत्र तथा

## शिरोमणि तेरापंथ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया पहुंचे राउरकेला

## युवाओं का चरित्र निर्माण बेहद जरूरी : मनसुख लाल

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर में शिरोमणि तेरापंथ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया मंगलवार को राउरकेला पहुंचे है। इनका स्वागत 5 बार नवकार मंत्र से किया गया। शॉल एवं टीका लगाकर सभा के अध्यक्ष छगनलाल जैन एवं मंत्री दिनेश गडिया ने किया।

इस दौरान अध्यक्ष छगनलाल जैन, मंत्री दिनेश गड़िया, हितेश बोथरा और नव निर्वाचित महिला मंडल की अध्यक्षा तरुलता जैन मंचासीन रही। निवर्तमान अध्यक्ष सरोज गोलछा ने वर्तमान अध्यक्ष तरुलता जैन को टीका, माला और बैज पहना कर शपथ ग्रहण करवाया



कार्यक्रम में उपस्थित मनसुख लाल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

और बाद में उनकी पूरी टीम ने शपथ ली। अध्यक्ष तरुलता जैन ने पूरे समाज से सहयोग एवं साथ की अपील की ताकि मंडल के कार्यक्रमों द्वारा आध्यात्मिक एवं सामाजिक उत्थान करें।

चुनाव अधिकारी संपत देवी भंसाली ने शपथ ग्रहण के प्रोग्राम का संचालन किया। वहीं इस दौरान ज्ञानशाला संयोजिका कनक बोथरा ने बताया कि भावी पीढ़ी को संस्कारी बनाने में संस्था काम कर रही है। राउरकेला में सात प्रशिक्षिकाएं है, 35 बच्चे ज्ञानशाला में हैं।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया ने कहा कि सभा के मुख्य दो गतिविधियां हैं सर्वप्रथम आध्यात्मिक गतिविधियां दूसरा सामाजिक गतिविधियां। दोनों के उत्थान के लिए वह कार्यरत रहते हैं। धार्मिक गतिविधियों के अंतर्गत पहला आता है ज्ञानशाला, दूसरा उपासक श्रेणी। जिन गांव में साधु संत नहीं पहुंच पाते हैं, परीक्षा आराधना हेतु उपासक पहुंचते हैं। तीसरा है संस्कार निर्माण शिविर जो कि आज की भावी पीढ़ी के लिए टीनएजर्स के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

## चार आरोपी से 5 लाख की हेरोइन जब्त

**PHOTON NEWS ROURKELA :** प्लांटसाइट पुलिस ने कुख्यात ड्रग माफिया करण सिंह को तीन सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशे के सौदागर के पास से पुलिस ने 5 लाख रुपये की ड्रग्स (हेरोइन) बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की गई। एक सफेद रंग की कार भी जब्त की है। राउरकेला में ड्रग्स




तक्सरी में इस्तेमाल की गई कार

लाए जाने की सूचना मिलने के बाद प्लांटसाइट थाना पुलिस अलर्ट पर थी।

गिरफ्तार आरोपियों में प्लांटसाइट थाना अंतर्गत हनुमान मंदिर के पास गांधी रोड का करण सिंह (26 वर्ष), ट्रैफिक गेट मधुसूदन मार्ग का राजेश एंथोनी उर्फ डेविड (31 वर्ष), सोमिल गेट का प्रदीप जाधव (24 वर्ष) और बसंती कॉलोनी का राजा राय (28 वर्ष) शामिल हैं।

## लायंस क्लब ऑफ राउरकेला वेदव्यास की अध्यक्ष बनी सुषमा सारड़ा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** लायंस क्लब ऑफ राउरकेला वेदव्यास का प्रतिष्ठापन समारोह मंगलवार को राउरकेला चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गर्वनर लायन प्रवीण अग्रवाल एवं इंस्टालेशन आफिसर थे। सुधीर चौधरी समेत कई वरीय लायंस क्लब के सदस्य मौजूद थे।

वर्ष 2022-23 के अध्यक्ष



प्रतिष्ठापन समारोह में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

लायन अतुल संघवी ने 2023-24 की अध्यक्षा सुषमा सारड़ा को पद्भार सौंपा। नए वर्ष की सेक्रेटरी ऊषा संघवी, कोषाध्यक्ष शशि अग्रवाल ने भी अपना पद्भार संभाला। वंशिका परमार और उनकी टीम ने भी शपथ ग्रहण किया।

सुधीर चौधरी ने अध्यक्ष एवं नई टीम को शपथ दिलवाई। सुषमा सारडा ने वर्ष भर के प्रोजेक्ट का ब्यौरा दिया और कहा कि आई हास्पिटल सेवा का मंदिर है, यहां से जरूरतमंदों को चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। अतुल संघवी के सफलतम कार्यकाल की बहुत प्रशंसा हुई। रूपेश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) 197 बटालियन ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

# नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर शांति व्यवस्था कायम करने में निभाई अहम भूमिका

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिला स्कूल परिसर में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 197 बटालियन ने अपना 16वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट प्रवेश कुमार जोहरी ने बटालियन मुख्यालय के क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली।

सलामी लेने के बाद आयोजित सैनिक सम्मेलन में कमाण्डेट ने अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियों एंव जवानों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ 197 बटालियन से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई 2007 को बटालियन की स्थापना गृहमंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल प्रयागराज में हुई थी। 44 सप्ताह के गहन प्रशिक्षण के



स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट व अन्य जवान। ● फोटोन न्यूज

उपरांत 23 जुलाई 2008 को बटालियन का पासिंग आउट परेड भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ था। प्रारंभिक प्रशिक्षणोपरान्त बटालियन को अतिसंवेदनशील कुपवाडा (जम्मू और कश्मीर) जैसे क्षेत्रों में तैनात किया गया। उक्त क्षेत्रों में तैनाती के दौरान बटालियन द्वारा जम्मू और कश्मीर, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं महाराष्ट्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षतापूर्ण विधान सभा चुनावों को संपन्न कराने में सराहनीय भूमिका निभाई। तदोपरांत बटालियन को दिनांक 11 अप्रैल 2010 में झारखण्ड राज्य के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र पश्चिम सिंहभूम के सारंडा के वनक्षेत्र में तैनात किया गया।

बटालियन द्वारा वर्ष 2010 से अब तक अनेक नक्सल विरोधी अभियानों में हिस्सा लिया तथा इस दौरान कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया। बटालियन द्वारा परिचालनिक कार्यों के माध्यम नक्सलियों के मंसूबो को नाकाम कर शान्ति व्यवस्था कायम करने में अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसके उपरान्त उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी एंव जवानों की हिम्मत एवं बहादुरी के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी बटालियन का नाम ऊँचा रखने का निर्देश दिया।

सैनिक सम्मेलन की समाप्ति के पश्चात कमाण्डेट ने बटालियन मुख्यालय में वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान 2023 को गति प्रदान की। वृक्षारोपण के उपरान्त उपस्थित सभी अधिकारियों जवानों को मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके बाद खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन मुख्यालय एवं विभिन्न कंपनियों से आए जवानों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी परविन्दर सिंह, उपकमाण्डेट प्रदीप कुमार पाण्डेय, शम्भु कुमार विश्वास, सतवीर सिंह, अरविन्द कुमार सहित अन्य अधिकारी एंव जवान उपस्थित रहे।

## आदिवासी हो समाज युवा महासभा ने चलाया पोस्ट कार्ड लेखन अभियान



पोस्टकार्ड लेखन अभियान में शामिल छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आदिवासी हो समाज युवा महासभा प्रदेश कमिटि ने पोस्ट कार्ड लेखन अभियान में समर्थन देने वाले सभी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश कमिटि की ओर से कोल्हान युनिवर्सिटी और महिला कॉलेज चाईबासा के छात्रों के बीच पोस्ट कार्ड लेखन अभियान चलाया गया। कमिटि ने उन लोगों के प्रति भी विशेष आभार जताया कि जो लोग हो समाज के छात्र नही है, वैसे लोग भी पोस्ट कार्ड लेखन अभियान कार्यक्रम के तहत ₹होर₹ भाषा के समर्थन में हस्ताक्षर किया और भाषा का सम्मान बढ़ाया।

साथ ही साथ छात्रों को जानकारी दिया गया कि भाषा के संवैधानिक मान्यता होने पर विशेषकर छात्रों के लिए लाभ होगा। भावी पीढ़ी के लिए आगे का रास्ता खुलने में आसान होगा। अपने-अपने अभिभावकों से भाषा के समर्थन में सामाजिक और आर्थिक सहयोग दिलाये। इसके लिए छात्रों को 21 अगस्त को भाषा आंदोलन में दिल्ली जाने के लिए अपील किया गया। कमिटि ने महिला कॉलेज प्रिंसिपल, प्रोपेसर, सहायक प्रोपेसर तथा युनिवर्सिटी के प्रोपेसरों के प्रति भी आभार प्रकट किये। आभार व्यक्त करनेवालों में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रदेश संगठन सचिव राहुल पुरती, प्रदेश सांस्कृतिक सचिव जगन्नाथ हेस्सा, प्रदेश सदस्य फूलमति सिरका तथा युवा समाजसेवी रेयांस सामड आदि मौजूद रहे ।



# दिल बेचारा हर कपल के लिए

## एक सौगात है: नेहा

म्यूजिक सेंसेशन नेहा कक्कड़, जो अपने पति रोहनप्रीत सिंह के साथ हार्टब्रेकिंग सॉन्ग दिल बेचारा की कंपोजर बनी हैं, ने इसे हर कपल के लिए एक तोहफा बताया है, जो लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहते हैं। नेहा और रोहनप्रीत ने हमेशा अपने प्यारे और भावपूर्ण म्यूजिक वीडियो से फैंस को मंत्रमुग्ध किया है। उसी के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा यह गाना वाकई खास है क्योंकि इसे हम दोनों ने मिलकर कंपोज किया है, जो हिस्से मैंने गाए हैं वे मेरे द्वारा कंपोज किए गए हैं, और जो हिस्से रोहू ने गाए हैं वे उनके द्वारा कंपोज किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह गाना प्यार में पड़े हर कपल के लिए एक सौगात है, लेकिन वे एक-दूसरे से बहुत दूर हैं। यह मेरे सबसे अच्छे गानों में से एक है और मुझे यकीन है कि सभी लिस्नर्स इसे बेहद पसंद करेंगे।

# बैड ब्वॉय के बाद अब साउथ की इन बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं अमरीन कुरैशी

राजकुमार संतोषी की फिल्म बैड ब्वॉय से मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमोशी चक्रवर्ती और निर्माता साजिद कुरैशी की बेटी अमरीन ने अपना डेब्यू किया था। वहीं फिल्म में अमरीन को अपने काम के लिए खूब सराहना मिली थी। वहीं अमरीन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस को साउथ की तरफ से फिल्मों के ऑफर्स आने शुरू हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ग्रीन स्टूडियो, प्रिंस पिक्चर्स, एसवीसीसी और सरस्वती फिल्म डिवीजन (टैगोर मधु) जैसे साउथ के बड़े बैनरों ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्मों के लिए अमरीन को साइन किया है। वहीं अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा मुझे खुशी है कि साउथ के उन बड़े बैनरों ने मुझसे संपर्क किया, जो वहां सबसे बड़ी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। मैं किसी भी भाषा में काम करने के लिए तैयार हूं। अमरीन आगे कहती हैं कि मेरे लिए जरूरी ये है कि फिल्म अच्छी हो और मुझे उसमें अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिले। मैं जो फिल्में ऑफर हुई हैं, मैं उनके लिए भी बेहद एक्साइटेड हूं। मुझे यकीन है कि वहां काम करना एक शानदार एक्पीरियंस रहेगा। इनमें से कुछ फिल्में पैन इंडिया रिलीज भी हैं। वहीं जब उनसे बॉलीवुड के बारे में पूछा गया तो अमरीन ने चुटकी लेते हुए कहा कि मैं यहां कुछ बहुत अच्छे निर्देशकों और निर्माताओं के साथ बात कर रही हूं। जैसे ही चीजें होंगी इसकी अनाउंसमेंट भी हो जाएगी। अभी, मैं केवल इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा के साथ हिंदी प्रोजेक्ट की पुष्टि कर सकती हूं।



# पुष्पा इम्पॉसिबल में अंशुल त्रिवेदी आएंगे नजर

एक्टर अंशुल त्रिवेदी पुष्पा इम्पॉसिबल के कलाकारों में शामिल हो गए हैं, और उनकी एंट्री कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर होती है। अंशुल जुगल सीतलवाड के किरदार निभाते नजर आएंगे, जो ऊपर से कठोर लेकिन अंदर से संवेदनशील और दयालु है, लेकिन अक्सर आसपास की दुनिया उन्हें गलत समझती है। इस बारे में बात करते हुए, अंशुल ने कहा, पुष्पा इम्पॉसिबल में जुगल का किरदार निभाना मेरे लिए रोमांचक अवसर है। बुनाई के प्रति जुनून के साथ जुगल का कठोर व्यक्तित्व मुझ पर गहराई से प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, पुष्पा इम्पॉसिबल एक ऐसा शो है जो दिल को छू जाता है और मैं इस शो के ताकत, लचीलेपन और किसी को अपनाने के संदेश में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। पुष्पा इम्पॉसिबल एक मां, पुष्पा (करुणा पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो अपने और अपने बच्चों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के लिए प्रयास करती है। कई बाधाओं का सामना करने के बावजूद, जिसमें अपने पूर्व पति दिलीप के साथ अपने रिश्ते को निभाना भी शामिल है, जिसे प्रतिभाशाली जयेश मोरे ने कुशलतापूर्वक निभाया है, पुष्पा का जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण एक उदाहरण है। यह सोनी सब पर प्रसारित होता है।

## अब सुमोना चक्रवर्ती का

# छलका दर्द

**टीवी एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुमोना चक्रवर्ती ने खुलासा किया है कि जब द कपिल शर्मा शो में उनकी अपीयरेंस (मुंह और लिप्स) को लेकर मजाक उड़ाया जाता था तो उन्हें बुरा लगता था। एक दिन वो अपसेट थीं तो अर्चना पूरन सिंह ने उन्हें समझाया, जिसके बाद वो थोड़ी सहज हुई थीं।**



अगर आप द कपिल शर्मा शो के फैन हैं, कपिल शर्मा की कॉमेडी के मुरीद हैं तो आपने उनके शुरुआती शोज जरूर देखे होंगे। जब उनका शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल के नाम से जाना जाता था। ये उनके शो का पहला सीजन था। शो के सारे कॉमेडियन हिट हो गए थे। उनके डायलॉग्स तक लोग कॉपी करते थे, फिर चाहे वो बाबा जी का ठुल्लू हो या फिर इत्तू सा था... हो। उस समय कपिल के शो की दीवानगी पीक पर थी। ये उसी समय की बात है, जब कपिल ने अपनी ऑनस्क्रीन बीवी सुमोना चक्रवर्ती के मुंह और होठों का मजाक उड़ाना शुरू किया था। जब कपिल कहते थे, बत्तख के जैसे होंठ हैं इसके तो दर्शक ठहाके मारकर हंसते थे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उस समय एक्ट्रेस पर क्या बीतती थी? इसका खुलासा उन्होंने अब जाकर किया है, आइये बताते हैं कि उन्होंने क्या बोला है। सुमोना ने खुलासा किया है कि जब कपिल शर्मा उनके लिप्स को लेकर मजाक उड़ाते तो उन्हें बहुत बुरा लगता था। यहां तक वो बहुत इनसिक्योर हो गई थीं, लेकिन तब अर्चना पूरन सिंह ने उन्हें समझाया था। अर्चना शो में परमानेंट गेस्ट हैं। मालूम हो कि कपिल शर्मा इस समय इंडिया में नहीं हैं। वो अपनी टीम के साथ यूएस टूर पर हैं। खबरें हैं कि टूर से लौटने के बाद वो अपने शो का नया सीजन शुरू करेंगे। इस बार उनके साथ कृष्णा अभिषेक टूर में साथ नहीं गए हैं। सुमोना चक्रवर्ती को कपिल शर्मा की वाइफ के रोल में देखा गया। उन्होंने बताया कि जब शो में उनकी अपीयरेंस को लेकर मजाक उड़ाया गया तो वो बहुत इनसिक्योर हो गई थीं। यहां तक कि उन्होंने होंठ पर लिपस्टिक लगाना तक छोड़ दिया था। बातचीत करते हुए सुमोना ने कहा, पहले सीजन में उनके मुंह का मजाक उड़ाया गया, लेकिन वो चला नहीं, उस पर लोगों को हंसी नहीं आए। लेकिन ये दूसरे सीजन में चल गया। इसके बाद हर गेस्ट के सामने उनके मुंह और होंठ का मजाक उड़ा। हालांकि, ये अलग बात है कि कपिल सेट पर उनकी बहुत तारीफ करते थे। जब सुमोना को बुरा लगने लगा तो अर्चना पूरन सिंह ने उन्हें समझाया, अगर तुम अपने ऊपर हंस सकती हो तो तुम्हें कभी शर्मिंदगी महसूस नहीं होगी।



# जब 20 साल की उम्र में हुमा कुरैशी हुई बॉडी शेमिंग का शिकार

लेकर खूब चर्चा में बनी हुई हैं। सीरीज में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हो रही है। वहीं एक्ट्रेस ने अपनी हर फिल्म के साथ दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि आज हुमा कुरैशी इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचना हुमा के लिए आसान नहीं था। करियर के शुरुआती दौड़ में उन्हें कई सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। अपने वजन के कारण हुमा बुरे दौर से गुजरी हैं, क्योंकि लोग उन्हें लगातार वजन कम करने के लिए कहते थे। जी हां, इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान हुमा ने बताया कि जब वह 20 साल की थी, तब उन्हें समाज के बॉडी टाइप में फिट नहीं होने पर अक्सर बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ता था। उन्होंने बताया कि उस दौरान कई बार आर्टिकल्स में उनके घुटनों और पहनावे पर भी कमेंट किया जाता था। लोग बोला करते थे कि इसने कैसे कपड़ पहने हैं और इसके साथ ही उनके बॉडी पार्ट्स को जूम करके देखा जाता था।

## इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ

# मेलबर्न मे होगा

## आर बाल्की की घूमर का प्रीमियर

आर बाल्की की बहुप्रतीक्षित फिल्म घूमर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि यह जल्द ही प्रतिष्ठित 14वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में शुरुआती फिल्म के रूप में प्रीमियर होगी। अभिषेक बच्चन के नेतृत्व में, यह सिनेमाई रत्न दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का वादा करती है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा के जश्न के लिए मशहूर इस महोत्सव ने अतीत में लगातार असाधारण फिल्मों का प्रदर्शन किया है, जिनमें एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी, नीरजा, कपूर एंड संस, दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं। और बाहुबली. इस शानदार लाइनअप को जोड़ते हुए, घूमर आर बाल्की के विशेषज्ञ निर्देशन में एक अविश्वसनीय कलाकारों को एक साथ लाता है जिसे अभिषेक बच्चन लीड कर रहे हैं। आर बाल्की को उनकी अनूठी दृष्टि और विचारोत्तेजक कथाएं प्रस्तुत करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीनी कम, पा और पैडमैन सहित समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों की एक श्रृंखला के साथ, बाल्की ने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने लिए एक जगह बनाई है। उनकी फिल्में अक्सर अपरंपरागत विषयों का पता लगाती हैं और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती हैं, जो बौद्धिक और भावनात्मक दोनों स्तरों पर दर्शकों को पसंद आती हैं। आर बाल्की कहते हैं, यह वास्तव में हमारे लिए सम्मान और खुशी की बात है कि घूमर आईएफएफएम की शुरुआती फिल्म होगी। घूमर विपरीत परिस्थितियों को फायदे में बदलने की कहानी है। यह उस फिल्म के लिए बिल्कुल उपयुक्त है जो मानती है कि खेल जीवन को जीने लायक बनाता है जिसे दुनिया की खेल राजधानी, ऑस्ट्रेलिया, एमसीजी की भूमि में लॉन्च किया जाना चाहिए। घूमर के पहले पूर्वावलोकन में आपका स्वागत है। जैसा कि घूमर आईएफएफएम में केंद्र स्तर पर है, दर्शक एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं जो सीमाओं को पार करता है और उन्हें बाल्की की दृष्टि की दुनिया में डुबो देता है। अपनी विशिष्ट निर्देशन शैली और प्रतिभाशाली अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर सहित शानदार कलाकारों के साथ, घूमर महोत्सव पर एक अमिट छाप छोड़ने और एक अग्रणी फिल्म निर्माता के रूप में बाल्की की स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है।



# शाहरुख खान की जवान का प्रिव्यू देख फैन हुए रोहित शेट्टी

शाहरुख खान की फिल्म जवान 7 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी. जवान के प्रिव्यू की तारीफ हर किसी ने की. कई सेलेब्स ने इसपर प्यार बरसाया. अब रोहित शेट्टी ने इसे लेकर बड़ी बात कह दी है. रोहित शेट्टी भारतीय सिनेमा के प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं में से एक हैं. इन दिनों वो अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम 3 को लेकर चर्चा में है, जिसमें एक बार फिर से अजय देवगन नजर आएंगे. इस बीच रोहित ने शाहरुख खान की फिल्म जवान के लिए अपना उत्साह जाहिर किया. जवान का प्रिव्यू हाल ही में जारी किया गया था, जिसने सोशल मीडिया पर आग लगा दिया था. प्रिव्यू में किंग खान नये अवतार में नजर आए थे. उनके बाल्ड लुक ने सबके होश उड़ा दिए थे. शाहरुख खान की फिल्म जवान 7 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी. इसमें शाहरुख के साथ-साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और दीपिका पादुकोण हैं. एटली की इस मूवी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज है. रोहित शेट्टी बातचीत में कहा कि, मुझे प्रोमो बहुत पसंद आया. मुझे निर्देशक एटली बहुत पसंद हैं और वह शानदार हैं. मुझे नहीं लगता कि मैंने एटली की कोई भी फिल्म मिस की है. मैं इसे पसंद कर रहा हूं. मुझे अच्छा लग रहा है कि पठान ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया और अब जवान में हर फ्रेम में एक ब्लॉकबस्टर लिखा हुआ है.



# मैं अटल हूं की यात्रा को हमेशा याद रखूंगा

मैं अटल हूं में पंकज ने भारत के तीन बार रहे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाई है। लखनऊ शूटिंग शेड्यूल के दौरान फिल्म के निर्माताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और फिल्म पर विस्तार से चर्चा की। फिल्म ने शनिवार को मुंबई में अपना अंतिम शेड्यूल पूरा किया। फिल्म की शूटिंग 45 दिनों में मुंबई, दिल्ली, कानपुर और लखनऊ के कई स्थानों पर की गई है, जो दर्शकों को अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन और असाधारण राजनीतिक यात्रा से रूबरू कराएगी। पंकज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म की शूटिंग से बीटीएस क्लिप और अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में अभिनेता की एक झलक देखी जा सकती है।

# मीना कुमारी की बायोपिक बनाएंगे मनीष मल्होत्रा



लीजेंड्री एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक बन रही है, जिसका निर्देशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा करेंगे। इस रिपोर्ट में जानें फिल्म में कौन ट्रेजेडी क्वीन बनेगी इंडियन सिनेमा का इतिहास 100 साल से भी पुराना है और एक्टर्स से लेकर राइटर्स, डायरेक्टर्स सहित कई अन्य लोगों के योगदान के बाद ही आज इसकी पहुंच विदेशों तक है। दुनिया के अलग अलग देशों में इंडियन सिनेमा को देखा और पसंद किया जाता है। हिंदी सिनेमा में मीना कुमारी का भी अहम योगदान रहा है। मीना कुमारी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहती थीं। ऐसे में अब उनकी बायोपिक बन रही है, जिसका निर्देशन, डिजाइनर मनीष मल्होत्राकरेंगे। इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं इससे जुड़ी डिटेल्स और बताते हैं कि कौन इस बायोपिक में मीना कुमारी का किरदार निभाएगी। लीजेंड्री एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक पर आखिरकार काम शुरू हो गया है। फिल्म फिलहाल स्क्रिप्टिंग स्टेज पर है और इसके बाद रेकी, कास्टिंग आदि और फिर शूट भी शुरू होगा। इस फिल्म से बतौर निर्देशक मनीष मल्होत्रा डेब्यू करेंगे। वहीं फिल्म को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। वहीं दिग्गज अदाकारा मीना कुमारी के किरदार में कृति सेनन नजर आएंगी। बता दें कि ट्रेजेडी क्वीन कहलाने वालीं मीना कुमार ने जिंदगी में कई परेशानियां झेलीं।